संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

शुभ दिवाली

पूर्णिया सोमवार 19 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 209

# दुनिया के अन्य देशों से सीधे लखनऊका होगा एयर कनेक्शन : राजनाथ सिंह

**अयोध्या,** (हि.स.)।लखनऊ, 19 अक्टूबर (हि.स.)। रक्षामंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने जानकीपुरम सेक्टर एफ में सामुदायिक केंद्र और सेक्टर 6 में पुस्तकालय का लोकार्पण भी किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमेशा बनी



रहेगी और शहर को विश्वस्तरीय बनाने के प्रयास जारी रहेंगे।

**शहर के विकास और आधुनिक सुविधाएं** : रक्षामंत्री ने बताया कि लखनऊ के 301 पार्कों में ओपन जिम की सुविधा शुरू की जा चुकी है और 250 अन्य स्थानों पर इसे आज से लागू किया गया। शहर में 1250 सोलर लाइटें लगाई जा चुकी हैं। इसके अलावा 25 फलाईओवर स्वीकृत हैं, जिनमें से 14 बन चुके हैं और 11 और स्वीकृत हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ को एयर कनेक्शन से भी जोड़ा जाना चाहिए और शहर को स्वच्छता और आधुनिकता में नंबर वन बनाना उनकी प्राथमिकता है।

**गणमान्यजन उपस्थित और श्रद्धांजलि** : कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा समेत अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद राजनाथ सिंह और ब्रजेश पाठक पार्षद राजकुमारी मौर्य के आवास गए और उनकी माताजी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और आठ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए पर्यवेक्षक तैनात किए

**नई दिल्ली,** (हि.स)। बिहार विधानसभा चुनाव और आठ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों से पहले चुनाव आयोग ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों की तैनाती की है। आयोग ने बताया कि पर्यवेक्षक चुनावी प्रक्रिया पर नजदीकी नजर रख रहे हैं, ताकि सभी दलों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित हो सके।

आयोग के अनुसार पहले चरण के




लिए 121 सामान्य पर्यवेक्षक और 18 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं, जबकि दूसरे चरण के लिए 122 सामान्य और 20 पुलिस पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा आठ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनावों के लिए 8 सामान्य और 8 पुलिस पर्यवेक्षक भी भेजे गए हैं। सभी पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों का पहला दौरा पूरा कर लिया है और अब वे वहीं पर तैनात हैं।चुनाव आयोग ने

उन्हें निर्देश दिया है कि वे चुनाव प्रक्रिया की बारीकी से निगरानी करें और पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करें। साथ ही, पर्यवेक्षकों को राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और मतदाताओं के लिए सुलभ रहने और उनकी शिकायतों के त्वरित निपटारे के निर्देश भी दिए गए हैं। आयोग ने कहा कि पर्यवेक्षक मतदान केंद्रों का दौरा करें और मतदाताओं की सुविधा के लिए हाल में शुरू की गई पहल का पालन सुनिश्चित करें।

## हमास ने अमेरिका के आरोपों को बताया "इजरायली प्रोपेगेंडा"

**गाजा/वॉशिंगटन,** (हि.स.)। हमास ने अमेरिका के आरोपों को "झूठा" बताते हुए इसे "इजराइली प्रोपेगेंडा" करार दिया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय का दावा था कि हमास गाजा में युद्धविराम तोड़ने की साजिश रच सकता है। हमास ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि असली उल्लंघन




इजराइल द्वारा हो रहा है। इसी बीच इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 11 लोगों की मौत हुई, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया।

## अयोध्या में 26 लाख 17 हजार 215 दीप एक साथ जगमगाए, फिर बना अनोखा रिकॉर्ड

**अयोध्या,** (हि.स.)। श्री राम की नगरी में दीपोत्सव पर उत्तर प्रदेश ने रविवार को एक बार फिर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में एक नया रिकॉर्ड बनाकर कीर्तिमान बनाया। ड्रोन से प्रज्ज्वलित दीपों की गणना हुई। गिनीज बुक के प्रतिनिधियों ने रिकॉर्ड बनाने की घोषणा की।

यूपी के पर्यटन-संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह व प्रमुख सचिव (पर्यटन-संस्कृति) अमृत अभिजात ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को



गिनीज रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र सौंपा। इस रिकॉर्ड के अनुसार 26 लाख 17 हजार 215 दीप एक साथ जगमगाए। इसके बाद 2128 साधकों व अर्चकों, वेदाचार्यों ने एक साथ मिलकर सरयू की आरती की।

## डीआरआई ने 5.01 करोड़ रुपये के चीनी पटाखे किए जब्त, चार को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (हि.स)। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने तूतीकोरिन बंदरगाह पर 'ऑपरेशन फायर ट्रेल' के तहत 5.01 करोड़ रुपये मूल्य के 83,520 चीनी पटाखे जब्त किए और इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया। दो चालीस फुट कंटेनरों



में इंजीनियरिंग सामग्री बताकर अवैध आयात किए गए पटाखों को सिलिकॉन सीलेंट गन के कवर कार्गो के साथ पकड़ा गया। जांच में चेन्नई और मुंबई से अन्य तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा। वित्त मंत्रालय ने कहा कि अवैध आयात न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा व बंदरगाह संरचना के लिए भी खतरा है।




# पटना में विधानसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा, प्रेक्षकों ने दिए निर्देश

**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पटना समाहरणालय में रविवार को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सभी प्रेक्षकों ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों का विस्तार से अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए।



**पटना में 19 प्रेक्षक तैनात** भारत निर्वाचन आयोग ने पटना जिले में 14 सामान्य प्रेक्षक, 1 पुलिस प्रेक्षक और 4 व्यय प्रेक्षकों को तैनात किया है। ये प्रेक्षक चुनाव की प्रक्रिया, सुरक्षा, आचार संहिता के पालन और व्यय नियंत्रण पर निरंतर निगरानी रखेंगे। प्रेक्षकों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदान निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न हो।

**निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान की प्रतिबद्धता :** बैठक में प्रेक्षकों ने जोर दिया कि प्रशासन का मुख्य दायित्व मतदाताओं को हर मतदान केंद्र पर सुरक्षित और भयमुक्त मतदान का अनुभव उपलब्ध कराना है। इसके लिए पुलिस, प्रशासन और अन्य संबंधित विभागों के बीच समन्वय और सहयोग को मजबूत बनाए जाने पर विशेष बल दिया गया।

**आचार संहिता और व्यय निगरानी :** प्रेक्षकों ने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के आचार संहिता के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने संवेदनशील और ज्यादातर विवादास्पद क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा सभी चुनावी गतिविधियों में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा। व्यय प्रेक्षकों ने चुनावी खर्च की निगरानी और अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

**सभी कोषांगों की तैयारी की समीक्षा :** बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और निर्वाचन से संबंधित सभी कोषांगों के पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रेक्षकों ने कोषांगों द्वारा प्रस्तुत तैयारियों और प्रगति रिपोर्ट का विस्तृत निरीक्षण किया और आवश्यक सुधारात्मक कदमों के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र को मतदाताओं के लिए सुगम, सुरक्षित और पारदर्शी बनाने पर प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## बिहार में जदयू की औरंगाबाद जिला समिति ने दिया सामूहिक इस्तीफा



**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले जदयू को बड़ा झटका लगा है। औरंगाबाद जिले की पूरी जिला कमेटी ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया। इसके बाद पार्टी ने पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह को कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि रफीगंज सीट से ऐसे व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया गया है, जो जदयू के सदस्य नहीं हैं। इससे कार्यकर्ताओं की भावनाएँ आहत हुईं, इसलिए पूरी कमेटी ने इस्तीफा दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने केवल पद से इस्तीफा दिया है, पार्टी से नहीं। अशोक कुमार सिंह ने कहा कि वे जदयू में बने रहेंगे और जिले के अन्य पांच सीटों पर राजग के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने नीतीश कुमार के प्रति अपनी निष्ठा भी दोहराई।

## बख्तियारपुर : नवनिर्मित सीढ़ी घाट पर दो युवकों की गंगा में डूबकर मौत

**पटना,** (हि.स.)बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के नवनिर्मित सीढ़ी घाट पर रविवार को गंगा स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। बिहारशरीफ के पहाड़ी निवासी 23 वर्षीय सुधीर कुमार समेत दो युवक गहरे पानी में डूब गए। जानकारी के अनुसार, सुधीर अपने तीन दोस्तों के साथ स्नान करने आया था। स्नान के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। साथ ही एक अन्य युवक भी तेज धार में बह गया।



घटना की जानकारी मिलते ही बख्तियारपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की। सुधीर की मां शकुंतला देवी ने बताया कि उनका बेटा पूजा के अवसर पर दोस्तों संग गंगा स्नान करने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घाट पर सुरक्षा की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि नवनिर्मित सीढ़ी घाट पर पिछले तीन महीनों में दर्जनों लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है, बावजूद इसके सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम अब तक नहीं किए गए हैं। फिलहाल पुलिस गोताखोरों के सहयोग से लापता युवकों की तलाश जारी रखे हुए है

## बिहार में राजग को अपने मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर देना चाहिए : जीतन राम मांझी

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सत्ताधारी गठबंधन के भीतर मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर भिन्न राय सामने आई है। कुछ नेताओं का मानना है कि मुख्यमंत्री का नाम पहले घोषित किया जाना चाहिए, जबकि अन्य का कहना है कि यह निर्णय चुनाव परिणाम आने के बाद विधायक दल की बैठक में लिया जाएगा।



**चुनाव पूर्व घोषणा के पक्ष में कुछ नेता :** केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने रविवार को कहा कि यदि चुनाव किसी नेतृत्व में लड़ा जा रहा है, तो उस व्यक्ति को पहले से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर देना उचित होगा। उन्होंने इसे अपनी व्यक्तिगत राय बताया और कहा कि इससे मतदाताओं में स्पष्टता बनी रहेगी।

**अमित शाह ने दी थी स्पष्टता** इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बिहार प्रवास के दौरान कहा था कि गठबंधन आगामी चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगा और परिणाम आने के बाद निर्वाचित विधायक मिलकर मुख्यमंत्री का चयन करेंगे। बिहार में एनडीए घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा पहले ही तय किया जा चुका है।



# दीपोत्सव : आज अमृत प्रकाश से जगमग होगा धरती-गगन, दीपों से सजेगा घर-आंगन

## अंधकार पर प्रकाश और अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक पर्व दीपावली आज, उत्सव मनाने को तैयार है अपना शहर

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

अंधकार पर प्रकाश और अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक पर्व दीपावली जिले में आज मनाया जायेगा. आज अमृत प्रकाश से धरती और गगन दोनों रोशन होगा. दीपावली को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है. घरों के रंग-रोगन के बाद रंगीन बल्बों की लड़ी से रोशन करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है. शहर, बाजार व गली-मुहल्लों में घरों पर सजी रंगीन बल्बों की लड़ी से निकली रोशनी प्रकाशोत्सव को परवान चढ़ाने लगा है. शनिवार की शाम भी शहर वासियों ने छोटी दीवाली मनायी, गगनदीप जलाये और पटाखे भी फूटे. अधिकांश घरों में गगनदीप आज जलाये जायेंगे. घर लक्ष्मी आयेगी और दरिद्रता दूर होगी.



**मिट्टी के दीप जलाने का है विशेष महत्व**

दीपावली के पर्व पर मिट्टी के दीप का दीया जलाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है. सनातन धर्म के धर्मशास्त्र में मिट्टी के दीप का विशेष महत्व बताया गया है. कहा गया है कि दीपावली के दिन मिट्टी के दीप के प्रज्जवलन और विधि अनुसार लक्ष्मी गणेश की पूजा से घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है और गणेश विचरण करते हैं. लिहाजा घरों के रंग रोगन सफाई के बाद मिट्टी का दीप जला कर लक्ष्मी गणेश का आह्वान किया जाता है.

**गगनदीप जलाने व उख फेरने की है परंपरा**

दीपावली के मौके पर मिथिलांचल के इलाके में गगनदीप जलाने की भी परंपरा है. कहा जाता है कि गगनदीप समृद्धि का प्रतीक है. इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री राम जब अयोध्या लौटै थे तब गगनदीप जलाये गये थे. इसका उद्देश्य यह था कि अयोध्या के आसपास के गांवों तक यह संदेश पहुंचे और उन्हें भी इस खुशी में शरीक किया जाये. गगनदीप जलाने की परंपरा कुछ वर्षों पहले तक गांवों में स्टेटस सिंबल बना हुआ था लेकिन बदलते समय के साथ अब यह परंपरा विलुप्त होने लगा है. इसके अलावा मौके पर लूखा फेरने की भी परंपरा है. यह लूखा कपास के सुखे डांट व




कच्ची रस्सियां सहित खर से बनी होती है. मौके पर परिवार के सभी सदस्य संध्या काल में लक्ष्मी-गणेश की पूजा करते हैं. इसके बाद घर के पुरुष सदस्य लूखा फेरते हैं. इस दौरान घर के वरिष्ठ सदस्य घर के सभी कोनों का भ्रमण करते हैं और दुब-धान छीटते हैं. इस दौरान अन्न धन-लक्ष्मी घर, दरिद्र बाहर का मंत्रोच्चारण किया जाता है.

**भव्य रंगोली बनाने की है परंपरा**

दीपोत्सव और खुशियों के इस त्योहार पर रंगोली बनाने की परंपरा पौराणिक है. हालांकि आज भी यह परंपरा है. लेकिन इसका स्वरूप मॉडर्न हो चुका है. दीपावली के दिन घर के दलान व आंगन तथा देव गृह में रंगोली बना कर इसके मध्य और चारों तरफ मिट्टी के दीप जलाने की परंपरा है. कई रंगों से बनी रंगोली के निर्माण में महिलाएं व युवतियां विशेष योगदान देती हैं. ऐसा माना जाता है कि रंगोली से घर में मां लक्ष्मी का आगमन होता है. रंगोली में विशेष तौर पर अरवा चावल, धान, कुमकुम, हल्दी व अबीर का प्रयोग होता है.

**बाजार में रही खरीददारों की भीड़**

रविवार को त्योहार की तैयारियों को लेकर बाजारों में खूब भीड़ उमड़ी. लोगों ने लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा, पूजन सामग्री, फूल माला, दीप और मिठाइयों की जम कर खरीदारी की. बाजारों में खरीदारी करने पहुंचे लोगों ने देर रात तक पसंदीदा पटाखा, फूल दीप, मिठाई व ड्राइफ्रुट की खरीदारी की.



शनिवार को जैसे ही दिन ढला रंगीन बल्बों की रोशनी से हर तरफ छटा रंगीन हो गयी थी. सायंकाल लोगों ने छोटी दीपावली मनाया और जम कर आतिशबाजी भी किया.

# पूर्णिया जिला प्रशासन ने जारी की सुरक्षित दीपावली के लिए एडवाइजरी

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

दीपावली के पावन अवसर पर जिला प्रशासन पूर्णिया ने जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य के मद्देनजर एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी में पटाखों, आग, ध्वनि प्रदूषण और स्वास्थ्य से संबंधित सावधानियों के बारे में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित, आनंदमय एवं प्रदूषण-मुक्त दीपावली मनाएँ।

**सुरक्षित पटाखों के लिए सुझाव:**

जिला प्रशासन ने पटाखों के उपयोग के दौरान निम्नलिखित सावधानियाँ बरतने की सलाह दी है:

1. पटाखे हमेशा खुली जगह पर और आवासीय क्षेत्रों से दूर चलाएँ।
2. बच्चों पर पटाखे चलाते समय वयस्कों की निगरानी ज़रूरी है।
3. पटाखे चलाते समय ढीले-ढाले या सिंथेटिक कपड़े न पहनें; सूती और फिटिंग वाले कपड़े पहनना बेहतर है।
4. पटाखों को पानी या रेत से भरी बाल्टी के पास रखें ताकि आग लगने की स्थिति में तुरंत बुझाया जा सके।
5. अधजले या न चले हुए पटाखों को कभी न छुएँ; उन्हें पानी से सुरक्षित करें।

घर के अंदर या भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पटाखे न चलाएँ।

**आग से बचाव के लिए सुझाव:**

- दीये, मोमबत्तियाँ और लाइटिंग की सजावट को पर्दे, लकड़ी या अन्य ज्वलनशील सामग्री से दूर रखें।
- सोने से पहले सभी दीये और मोमबत्तियाँ पूरी तरह बुझा दें।
- बिजली के तार और एक्सटेंशन कॉर्ड पर अधिक लोड न डालें और खराब या खुले तारों का उपयोग न करें।

**स्वास्थ्य और प्रदूषण संबंधी सलाह:**

- तेज आवाज़ वाले पटाखों से बचें, क्योंकि ये ध्वनि प्रदूषण और स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं।

जिन्हें साँस की समस्या है (जैसे अस्थमा), वे घर के अंदर रहें और दरवाजे-खिड़कियाँ बंद रखें।

**आपातकालीन संपर्क:**

किसी भी आपात स्थिति (आग या दुर्घटना) में तुरंत निम्नलिखित नंबरों पर सूचना दें:

**दमकल विभाग** (Fire Department) / DEOC

**पूर्णिया:** 06454242317, 06454242319, 06454242320

# किडज़ी जॉनी किड्स एवं माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दीवाली

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

शहर के शिक्षण संस्थान किडज़ी जॉनी किड्स और माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में दीवाली का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर को रंग-बिरंगी सजावट और दीपों की रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्सव की माहौल छा गई।

**रंगोली और बच्चों की भागीदारी ने बढ़ाई शोभा**

शिक्षकों द्वारा बनाई गई भव्य रंगोली ने परिसर की शोभा बढ़ाई, जबकि बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने उत्सव को और भी खास बना दिया। बच्चे नृत्य,



गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से त्योहार की उमंग को दर्शकों तक पहुँचाते रहे।

**सुरक्षित और पर्यावरण-हितैषी दीवाली का संदेश**

बच्चों ने सभी को यह संदेश दिया—"पटाखों का नहीं, दीयों का त्योहार मनाइए।"इस संदेश के माध्यम से स्कूल ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सुरक्षित दीवाली मनाने की प्रेरणा दी।

**निदेशक और प्राचार्या के प्रेरक शब्द**

निदेशक त्रिदीप कुमार दास ने कहा, "दीवाली सिर्फ रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, एकता और अच्छाई की जीत का प्रतीक है। खुशियाँ बाँटें और पर्यावरण का ध्यान रखें।"

प्राचार्या श्रीमती अम्बरीन खान ने बच्चों और अभिभावकों से कहा, "जैसे दीपक अंधकार मिटाता है, वैसे ही अपने व्यवहार से समाज में प्रेम और सकारात्मकता फैलाएँ। सुरक्षित और खुशहाल दीवाली मनाएँ।"



# पूर्णिया में विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर IT, मीडिया और MCMC सेल की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## प्रेक्षक तलत परवेज इकबाल रोहिल्ला ने सोशल मीडिया और मीडिया प्रचार पर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग ने 60 रूपौली विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए तलत परवेज इकबाल रोहिल्ला (भ०प्र०से०) को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इस क्रम में रविवार को जिला अतिथि गृह में प्रेक्षक महोदय की अध्यक्षता में IT सेल, मीडिया एवं सोशल मीडिया और MCMC सेल के नोडल पदाधिकारी एवं



संबंधित अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया के दौरान मीडिया और सोशल मीडिया पर किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करना और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करना था। प्रेक्षक महोदय ने बैठक में स्पष्ट किया कि IT सेल, मीडिया और MCMC सेल के तहत कार्यरत सभी अधिकारी चुनाव प्रचार और सूचना प्रसारण के दौरान अपने-अपने दायित्वों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के मीडिया प्रचार—चाहे प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल मीडिया या सोशल मीडिया—निर्वाचन आयोग के मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट और नियमों के अनुसार होना चाहिए।

प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि कोई भी राजनीतिक दल, प्रत्याशी या तीसरा पक्ष अनाधिकृत रूप से भ्रामक विज्ञापन, समाचार या पोस्ट प्रकाशित या प्रसारित न करे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी राजनीतिक विज्ञापन के प्रसारण या प्रकाशन के लिए पूर्व में जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय या केंद्र स्तरीय MCMC सेल से अनुमोदन लेना अनिवार्य है।

इसके अतिरिक्त, प्रेक्षक ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं जैसे BSNL, Jio, Airtel और Vodafone से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। यदि सोशल मीडिया पर कोई राजनीतिक विज्ञापन निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं प्रकाशित होता है, तो संबंधित इंटरनेट सेवा प्रदाता की सहायता से उस सामग्री को हटाया जाएगा, अन्यथा इंटरनेट सेवा बंद कराने और विधिक कार्रवाई करने के आदेश दिए गए।

**बैठक में अधिकारी रहे शामिल**

बैठक में नोडल पदाधिकारी, डीआईओ, आईटी मैनेजर, मीडिया और MCMC सेल के अधिकारी उपस्थित थे। प्रेक्षक महोदय ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे चुनाव के दौरान सूचना के प्रवाह और प्रचार सामग्री की निगरानी सतर्कता से करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत रिपोर्ट करें।इस बैठक के माध्यम से प्रेक्षक महोदय ने सुनिश्चित किया कि पूर्णिया में विधानसभा चुनाव 2025 स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न हो। IT और मीडिया सेल के अधिकारियों को सोशल मीडिया और मीडिया प्रचार के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा, ताकि मतदाता जागरूकता और चुनाव की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

# केनगर में मतदाता जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**न्यूज़ स्केल केनगर**

केनगर प्रखंड के परोरा पंचायत के आदर्श मध्य विद्यालय परोरा (बुथ संख्या-327) और काझा पंचायत के हरिपुर मुसहरी गाँव (बुथ संख्या-295) में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।इस दौरान मेंहदी प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की बीसीएम कंचन कुमारी ने किया।कार्यक्रम में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आशा फेसिलेटर के साथ ही स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। बीसीएम कंचन कुमारी ने बताया कि पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत मात्र 60 फीसदी से कम था। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार वोट प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।बीसीएम कंचन कुमारी ने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से युवा और महिला मतदाताओं पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मदद करेगा। आम मतदाताओं से अपील की गई कि वे अपने हक और अधिकार का प्रयोग करते हुए चुनाव में बढ़-चढ़ कर मतदान करें।

# रुपौली में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत, पुलिस ने जांच शुरू की

**न्यूज़ स्केल रुपौली**

रुपौली, मोहनपुर थाना क्षेत्रः रविवार की सुबह भौवा प्रबल पंचायत के जंगल टोला वार्ड नंबर 3 में सिमा कूमारी (38 वर्ष) का शव घर में फंदे से लटकते हुए पाया गया। सूचना मिलने पर मृतका के पति ने घटना की जानकारी उनके मायके वालों को दी।

मृतका के भाई रूद्र सिंह ने बताया कि सीमा कुमारी की शादी लगभग 12 साल पहले पवन कुमार से हुई थी। उनके घर तीन पुत्रियां और एक पुत्र



है। मृतका के भाई ने पुलिस में आवेदन देकर मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। उन्होंने आवेदन में आरोप लगाया गया है कि मृतका की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है।मोहनपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और परिजनों व बच्चों से जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है और हर बिंदु पर सावधानीपूर्वक छानबीन की जा रही है।

थाना अध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा, "घटना के संबंध में आवेदन प्राप्त हो गया है और मामले की पूरी तरह से जांच की जा रही है।"

# विधायक विजय खेमका ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिवार से मिलकर व्यक्त किया शोक

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के ईस्ट ब्लॉक अंतर्गत रामपुर पंचायत निवासी दिलीप साह के सुपुत्र की सड़क दुर्घटना में असमय मृत्यु पर सदर विधायक विजय खेमका ने गहरा शोक व्यक्त किया।

विधायक खेमका ने मृतक के घर जाकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पूरा समुदाय परिवार के साथ खड़ा है।

इस अवसर पर विधायक ने रामपुर नया टोला निवासी



समाजसेवी अयोध्या प्रसाद दास से भी मुलाकात की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने नया टोला एवं मझेली क्षेत्र के नागरिकों से भेंट कर उनका हालचाल जाना।

विधायक के साथ समाजसेवी अनिल साह, धनंजय भगत, डब्बू भगत, मुखिया निरंजन उड़ाव, अंगद मंडल सहित स्थानीय नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# आधुनिकता के दौर में फीका पड़ा आकाशदीप का उजाला, परंपरा से जुड़ा इतिहास अब बन रहा यादों का हिस्सा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**
**— कुमार मयंक**

दीपावली का पर्व रोशनी, श्रद्धा और उल्लास का प्रतीक है। हर घर दीपों से जगमगाता है, आंगन में लक्ष्मी-गणेश की पूजा होती है, और आसमान तक पहुंचता है 'आकाशदीप' का उजाला—जो देवी-देवताओं को आमंत्रण का प्रतीक माना जाता है। लेकिन आधुनिकता की चकाचौंध में अब यही पारंपरिक आकाशदीप धीरे-धीरे विलुप्त होता जा रहा है।

**रामायण काल से जुड़ा है दीप और आकाशदीप का इतिहास**

कहते हैं दीपावली की शुरुआत रामायण काल में हुई थी। वनवास के 14 वर्ष पूरे कर



जब भगवान श्रीराम, सीता और लक्ष्मण अयोध्या लौटे, तो नगरवासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया। माना जाता है कि भगवान राम को अयोध्या लौटते समय मार्ग दिखाने के लिए ऊंचे बांसों पर झोपड़ीनुमा ढांचे में दीप जलाकर लटकाए गए थे — वही बाद में आकाशदीप कहलाए।

तब से दीप और आकाशदीप जलाना न केवल आस्था बल्कि प्रकाश के माध्यम से आनंद और शुभता का प्रसार माना गया।

**अब स्टेटस सिंबॉल बनकर रह गया है 'आकाशदीप'**

समय बदला, तो परंपराओं की सादगी भी बदल गई। कभी हर गांव, हर घर के सामने लटकने वाले आकाशदीप अब गिने-चुने घरों तक सीमित हो गए हैं। जहां पहले लोग बांस, कागज और मिट्टी के दीयों से स्वनिर्मित आकाशदीप बनाते थे, वहीं अब प्लास्टिक, धातु और LED लाइटों से बने 'मॉडर्न आकाशदीप' ने उनकी जगह ले ली है।

पंडित उपेंद्र मिश्रा बताते हैं— "दीपावली प्रकृति की पूजा का पर्व है। आकाशदीप में प्राकृतिक सामग्री जैसे बांस, मिट्टी का दीया और नारियल की रस्सी का प्रयोग शुभ फलदायी माना गया है। कृत्रिम सामग्रियां इस परंपरा की आत्मा को कमजोर करती हैं।"

**देशी नाम पर बिक रहे हैं 'मॉडर्न आकाशदीप'**

त्योहार का मौसम आते ही बाजारों में तरह-तरह के आकाशदीप सजे हैं—LED लाइटों से जगमगाते, रंग-बिरंगे और डिजाइनर। इनमें से कई चाइनीज उत्पाद हैं, लेकिन दुकानदार उन्हें 'मेड इन इंडिया' बताकर धड़ल्ले से बेच रहे हैं।

कीमतें भी आकर्षक हैं—100 से 500 रुपये तक, और लोगों में दिलचस्पी भी खूब है। दुकानदारों को भी अपना स्टॉक निकालना है, इसलिए "देशी" का टैग लगाना उनके लिए आसान विकल्प बन गया है।

**परंपरा या प्रदर्शन—कहां खो गया आस्था का उजाला?**

कभी जो आकाशदीप भगवान को मार्ग दिखाने का प्रतीक था, अब वह केवल दिखावे का हिस्सा बन गया है। ग्रामीण इलाकों में भी अब 'देशी' के नाम पर 'मॉडर्न' जलता है। बांस और मिट्टी की सुगंध की जगह अब बिजली और प्लास्टिक का रंगीन उजाला है।

## धमदाहा में जदयू की शक्ति प्रदर्शन सभा, मंत्री लेशी सिंह ने सभा को संबोधित किया

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

मां तारा विवाह भवन में रविवार को जदयू की शक्ति प्रदर्शन सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा का आयोजन वरिष्ठ जदयू नेता निरंजन कुशवाहा के नेतृत्व में हुआ। मंत्री एवं धमदाहा विधायक लेशी सिंह मुख्य अतिथि रहीं।



सभा की शुरुआत जय बिहार और जय एनडीए के नारों से हुई। निरंजन कुशवाहा ने महागठबंधन की राजनीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकताएँ केवल बयानबाजी और जातीय समीकरण तक सीमित हैं।

मंत्री लेशी सिंह ने जदयू में निरंजन कुशवाहा के शामिल होने को पार्टी की ताकत बढ़ाने वाला कदम बताया। उन्होंने विकास योजनाओं जैसे बिजली, सड़क, हर घर नल जल, बेटियों की साइकिल योजना और वृद्धजन पेंशन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार में विकास की गति को रोकने की कोशिश करने वाले सफल नहीं होंगे।

सभा के अंत में कार्यकर्ताओं ने योजनाओं की सफलता को जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## कांग्रेस कमेटी की बैठक में विधानसभा प्रत्याशियों के नामों की घोषणा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

आज गोकुल कृष्ण आश्रम, पूर्णिया में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने की। बैठक में पूर्णिया सदर और आसपास के क्षेत्रों के विधानसभा चुनाव 2025 के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई।




इस अवसर पर पूर्णिया सदर से जितेंद्र कुमार अमौर से अब्दुल जलील मस्तान कस्बा से मो. इरफान और बनमनखी से देवनारायण रजक को पार्टी कार्यालय से चुनाव लड़ने के लिए नामित किया गया। सभी प्रत्याशियों को पार्टी की ओर से फूल माला पहनाकर और पार्टी का पटा देकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने बैठक में सभी प्रत्याशियों से आह्वान किया कि वे कांग्रेस के सिद्धांतों और कार्य संस्कृति के अनुरूप कार्य करें और जनता की सेवा को प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी का उद्देश्य किसी का विरोध करना नहीं बल्कि विकास और जनकल्याण पर ध्यान केंद्रित करना है।

बैठक में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रंजन सिंह, मोहम्मद मारूफ, ऐस. ऐम. झा, जिला प्रवक्ता किशोर जवाहर, रिंकू यादव, अफरोज़ खान, नीरज यादव, वीआईपी विजय महलदार, बम भोला साहनी, सरोज कुमार, बिरेंद्र दास, मनोज कुमार और खालिद सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

## पूर्णिया 62 विधानसभा से : आज महागठबंधन के प्रत्याशी जितेंद्र यादव करेंगे नामांकन

### कला भवन में आशीर्वाद सभा को करेंगे संबोधित

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया 62 सदर विधानसभा सीट से महागठबंधन के उम्मीदवार जितेंद्र यादव सोमवार को आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन का कार्य सुबह 11 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष संपन्न होगा। उपलब्ध जानकारी के अनुसार नामांकन के बाद कला भवन में आशीर्वाद सभा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महागठबंधन के सभी घटक दलों के वरिष्ठ नेता, पार्टी कार्यकर्ता एवं विधानसभा क्षेत्र के नागरिक शामिल होंगे। सभा का उद्देश्य जनता से आशीर्वाद लेना और निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

जितेंद्र यादव ने पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें प्रत्याशी घोषित करने पर उन्होंने आभार व्यक्त किया।



उन्होंने सभी विधानसभा वासियों से अपील की है कि वे नामांकन और आशीर्वाद सभा में शामिल होकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की साझा भागीदारी और सहयोग का प्रतीक होगा।

जितेंद्र यादव ने यह भी आश्वासन दिया कि वे निर्वाचन प्रक्रिया में आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह पालन करेंगे और क्षेत्र के विकास एवं जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए समर्पित रूप से कार्य करेंगे।



# कोशी स्नातक निर्वाचक नामावली की तैयारी हेतु जिला स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित

**न्यूज स्केल अररिया**

बिहार विधान परिषद् के कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली तैयार करने के क्रम में रविवार को समाहरणालय स्थित परमान सभागार, अररिया में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं पदाभिहित पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी अररिया डॉ. राम बाबू कुमार भी उपस्थित रहे।





**निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के निर्देश पर आयोजन** : यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र-सह-आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया के ज्ञापांक-6046, दिनांक 09 अक्टूबर 2025 के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इसमें नामावली तैयार करने से संबंधित प्रक्रियाओं की समयबद्धता, पारदर्शिता एवं सटीकता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

**फॉर्म-18 भरने की प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण** : कार्यक्रम में श्री अविनाश कृष्ण, अवर निर्वाचन पदाधिकारी-सह-स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने फॉर्म-18 में आवेदन पत्र भरने की सही विधि, आवश्यक दस्तावेजों जैसे स्नातक या समकक्ष प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र की सत्यापन प्रक्रिया, अभिलेख संधारण तथा अनुवर्ती कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

**पारदर्शी व त्रुटिरहित नामावली लक्ष्य** : प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन नामावली की तैयारी कार्य को पारदर्शी, त्रुटिरहित एवं समय पर पूर्ण कराना था। जिला प्रशासन अररिया ने अपेक्षा जताई कि इस प्रशिक्षण से संबंधित सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्र में नामावली निर्माण कार्य को कुशलतापूर्वक संपन्न करेंगे।

**अधिकारीगणों की सक्रिय उपस्थिति** : मौके पर कोशी स्नातक निर्वाचन हेतु अधिसूचित सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, पदाभिहित पदाधिकारी एवं संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने निर्वाचन कार्य की बारीकियों को समझते हुए आवश्यक दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## भागलपुर में सीआरपीएफ अधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारियों की समन्वय बैठक

**न्यूज स्केल भागलपुर**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला अतिथि गृह सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय कांत की संयुक्त अध्यक्षता में सीआरपीएफ अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने भागलपुर की भौगोलिक एवं राजनीतिक स्थिति की



जानकारी देते हुए कहा कि जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव कराया जाना है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों के बीच समन्वय से ही शांतिपूर्ण चुनाव संभव है।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों को आपसी तालमेल बनाए रखने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक नवगछिया प्रेरणा कुमार, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

## पुलिस अधीक्षक ने जिला नियंत्रण कक्ष और डायल 112 का किया निरीक्षण

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के मद्देनजर रविवार कों पुलिस अधीक्षक पूर्णिया ने जिला नियंत्रण कक्ष, डायल 112 नियंत्रण कक्ष एवं सोशल मीडिया कोषांग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम की



व्यवस्थाओं, तैनात कर्मचारियों की तत्परता और आपातकालीन कॉल रिस्पॉन्स की प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या कानून-व्यवस्था के उल्लंघन को तुरंत निपटाने के लिए सभी कर्मचारियों को सघन रूप से सतर्क रहने और तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया कोषांग की गतिविधियों का भी निरीक्षण कर फर्जी खबरों और अफवाहों पर नजर रखने के महत्व पर बल दिया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नियंत्रण कक्ष चुनाव प्रक्रिया के दौरान जनता की सुरक्षा और त्वरित सहायता के लिए तैयार रहेगा।

## पूर्णिया में बिजली पोल में शॉर्ट सर्किट से आग, प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता प्रदान

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जलालगढ़ थाना क्षेत्र के रामदैली पंचायत वार्ड नंबर 10, बख्खा टोला शाहपुर में 18 अक्टूबर की रात लगभग 09:30 बजे बिजली के पोल में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई।

सूचना मिलने पर तुरंत आग पर काबू पाया गया और बड़ी क्षति होने से बचा लिया गया।



इस अग्निकांड में मो० इयास, मो० शमीम, मो० सबीर आलम, बीबी सुगिया खातुन और बीबी नाजरा के परिवार प्रभावित हुए।

जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर अंचल अधिकारी जलालगढ़ ने प्रभावित परिवारों को तुरंत सहायता प्रदान की। सभी पीड़ितों को अंचल कार्यालय में बुलाकर पॉलीथीन शीट्स वितरित की गई और प्रत्येक परिवार को अग्निकांड अनुग्रह अनुदान के तहत 7,000 रुपए खाद्यान्न और 5,000 रुपए वर्तन एवं वस्त्र आदि के लिए चेक प्रदान किया गया। अंचल अधिकारी की त्वरित कार्रवाई से प्रभावित परिवारों को राहत मिली और उन्हें पुनर्वास में मदद प्रदान की गई।



# दीपावली पर महालक्ष्मी योग में आज लक्ष्मी पूजा

न्यूज स्केल सुपौल

**दिवाली की रोशनी से जगमगाया गांव और शहर, बाजार में बढ़ी चहल-पहल**

कई वर्षों के बाद दीपावली पर महालक्ष्मी योग का संयोग बन रहा है। महालक्ष्मी योग में लोग सोमवार को लक्ष्मी पूजन करेंगे। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक लक्ष्मी पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 7 बजकर 8 मिनट से लेकर रात 08 बजकर 18 मिनट तक रहने वाला है। मान्यता के मुताबिक दीपावली की रात मां लक्ष्मी धरती पर भ्रमण करती हैं। वे अपने भक्तों को धनधान्य, सुख-सम्पत्ति का वरदान देती हैं। इसलिए दिवाली की रात लोग मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना करते हैं। अबकी बार दिवाली बेहद खास संयोग महालक्ष्मी योग में मनाई जाएगी। लोगों ने घरों को लाइट और झालर से सजा रखा है। दिवाली की रोशनी से गांव और शहर जगमगा रहा है। जिले में कई जगह काली पूजा के आयोजन की तैयारी है। मालगोदाम, बीआरसी, मलहद, कर्णपुर काली धाम सहित कई जगहों पर विशेष रूप से पूजा की तैयारी हो रही है।

**बाजार में लौटी रौनक, दुकानों पर रही लोगों की भीड़ :** दिवाली को लेकर रविवार को भी लोगों ने खूब खरीदारी की। कपड़ा दुकान सहित अन्य दुकानों पर लोगों की बड़ी भीड़ रही। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने भी दिनभर खरीदारी की। मिठाई दुकान, फल सहित अन्य सामानों की खरीदारी करने आए लोगों के कारण बाजार गुलजार रहा। व्यापारियों के चेहरे पर भी मुस्कान दिखी। मोबाइल दुकान पर लोग ऑफर को समझने और खरीदारी करते दिखे। इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर भी सस्ता ऑफर देख लोगों ने खरीदारी की। रविवार होने के बावजूद शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या रही। इससे लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा।

**मलहद में हर वर्ष दिवाली की रात मां काली की पूजा अर्चना** : सदर प्रखंड के मलहद में हर वर्ष मां काली दिवाली की रात जन्म लेतीं हैं। विधि-विधान के साथ पूजा अनुष्ठान के बीच मां काली जन्म लेतीं हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ उमड़ती है। यहां तीन दिनों तक भव्य पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता है। मलहद काली मंदिर को दक्षिणेश्वर काली मंदिर के रूप में भी जाना जाता है। लोगों का मानना है कि मां काली अपने भक्तों की शत्रुओं से रक्षा करतीं हैं। वर्ष 1990 से हर साल विशेष पूजा पद्धति से मां काली की पूजा हो रही है। इसके अलावा शहर



के मालगोदाम स्थित मंदिर, बीआरसी, कर्णपुर स्थित बाबा पीठ काली धाम सहित जिले में कई जगह काली पूजा की विशेष तैयारी हो रही है।

# लायंस क्लब ने 23 मोतियाबिंद के मरीजों का करवाया ऑपरेशन

न्यूज स्केल सुपौल



लायंस क्लब ने तेइस मोतियाबिंद के मरीजों का रविवार को ऑपरेशन सुपौल के नयन ज्योति अस्पताल में करवाया । इस आँखों के रोग मोतियाबिंद के ऑपरेशन का कार्यक्रम में सहयोग कर रहे थे नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शिलेंद्र एवं डॉ आर के विश्वास के साथ अस्पताल कर्मी ।

इस अवसर पर लायंस क्लब के जिला संयोजक धर्मेन्द्र सिंह पप्पू ने कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल जो कि विश्व भर में अपना सेवा कार्य कर रही है और इस संस्था का मुख्य कार्यों में से एक है लोगों के आँखों कि रोशनी को लाना, इस कड़ी में ही हम लोगों ने प्रयास किया है ।लायंस क्लब के जोनल अध्यक्ष भरत कुमार झा ने कहा कि हमलोगों लगातार आँख जाँच कैंप लगाकर मरीजों को इलाज के लिए प्रेरित करते हैं। लायंस क्लब सुपौल के सचिव एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ आर के यादव ने बताया अभी हम लोग लगातार मरीजों को चयन कर रहे हैं और उनका ऑपरेशन भी किया जाएगा । कार्यक्रम में डॉ रंजन कुमार,विजय कुमार झा, उमाशंकर के साथ अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे और सेवा कार्य किया ।

सुपौल लायंस के अध्यक्ष तपेश्वर मिश्र ने अस्पताल प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम लोग जल्द ही और अधिक मरीजों को अस्पताल आने को प्रोत्साहित करेंगे ।

# राघोपुर में नहाने गए एक बालक लापता , खोजबीन जारी

न्यूज स्केल सुपौल





राघोपुर थाना क्षेत्र के हुलास पंचायत के नवटोली वार्ड 11 में शनिवार शाम एक दुखद घटना सामने आई। चिलोनी नदी में नहाने गए चार बच्चों में से तीन को स्थानीय लोगों ने बचा लिया, जबकि सात वर्षीय सत्यम कुमार अब तक लापता है। घटना ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है।

**घटना का विवरण** : जानकारी के अनुसार, अजय कामैत का पुत्र सत्यम कुमार अपने भाई-बहनों — शिव कुमार, मोदी कुमार और शिवानी कुमारी — के साथ शनिवार शाम करीब 4 बजे नहाने नदी किनारे गया था। नहाने के दौरान बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। इस समय सत्यम की मां खेत में काम कर रही थी।

**स्थानीय लोगों की तत्परता** : खेत में काम कर रहे अन्य बच्चों ने शोर मचाया और आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्चों को बाहर निकालने की कोशिश की। काफी प्रयासों के बाद शिव कुमार, मोदी कुमार और शिवानी कुमारी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। लेकिन सत्यम कुमार का कोई पता नहीं चल सका।

**पुलिस और एनडीआरएफ की खोज** ' स्थानीय लोगों ने राघोपुर थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस रातभर सत्यम की तलाश में जुटी रही। रविवार सुबह एनडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और खोज अभियान शुरू किया गया। तेज धारा और गहराई के कारण अब तक सत्यम का कोई सुराग नहीं मिला। पूरे गांव में मातम पसरा है और परिजन बुरे हाल में हैं।

# सुपौल जिला निर्वाचन कार्यालय में जिलाधिकारी का निरीक्षण

न्यूज स्केल सुपौल



आज दिनांक 19 अक्टूबर 2025 को जिलाधिकारी, सुपौल, श्री सावन कुमार ने जिला निर्वाचन कार्यालय, सुपौल का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विभिन्न कोषांगों — कार्मिक कोषांग, अनुश्रवण कोषांग तथा मीडिया/एम.सी.एम.सी. कोषांग की कार्यप्रणाली और प्रगति की समीक्षा करना था। जिलाधिकारी ने सभी कोषांगों के कामकाज की अद्यतन स्थिति का अवलोकन किया और बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**कार्मिक एवं अनुश्रवण कोषांग की समीक्षा** : निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्मिक कोषांग के अभिलेखों के संधारण और कर्मचारी प्रतिनियोजन की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत संवेदनशील और दायित्वपूर्ण है, इसलिए सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यों को समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करें। साथ ही रिपोर्टिंग प्रणाली और संचार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने का निर्देश दिया गया ताकि निर्वाचन संबंधी जानकारी तुरंत और सही तरीके से प्रेषित हो सके।

**मीडिया एवं एम.सी. एम.सी. कोषांग का निर्देश** : जिलाधिकारी ने मीडिया और एम.सी.एम.सी. कोषांग को सोशल मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सतत निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह कदम निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**समापन एवं उपस्थित कर्मचारी** निरीक्षण के दौरान संबंधित कोषांगों के प्रभारी पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने सभी कर्मियों से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करने का आग्रह किया। इसके

## बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 : सुपौल में बीमार एवं लाचार मतदान कर्मियों की चिकित्सीय जाँच सम्पन्न

न्यूज स्केल सुपौल



बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के दृष्टिगत बीमार एवं लाचार मतदान कर्मियों की चिकित्सीय जाँच की प्रक्रिया सुपौल में सुचारू रूप से सम्पन्न की गई। इस संबंध में कुल 424 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से चिकित्सा जाँच के लिए 339 मतदान कर्मी उपस्थित हुए। यह जाँच दिनांक 18 अक्टूबर 2025 (शनिवार) और 19 अक्टूबर 2025 (रविवार) को समाहरणालय परिसर, सुपौल में गठित त्रिसदस्यीय मेडिकल बोर्ड द्वारा की गई। त्रिसदस्यीय मेडिकल बोर्ड ने सभी उपस्थित मतदान कर्मियों का विधिवत चिकित्सीय परीक्षण किया। जाँच में उनके शारीरिक स्वास्थ्य की स्थिति, बीमारियों की गंभीरता और निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी भागीदारी की क्षमता का मूल्यांकन किया गया। मेडिकल बोर्ड द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि केवल वही मतदान कर्मी जिनकी चिकित्सीय स्थिति निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न कर सकती है, उन्हें विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान 85 मतदान कर्मी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित कर्मियों के अनुपस्थित होने के कारणों का विवरण भी प्रशासन द्वारा संकलित किया गया ताकि भविष्य में आवश्यक समन्वय एवं जानकारी सुनिश्चित की जा सके। उपस्थित कर्मियों का परीक्षण मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों और प्रक्रियाओं के अनुरूप किया गया, जिससे निर्वाचन कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो। इस प्रकार, सुपौल जिले में बीमार एवं लाचार मतदान कर्मियों की चिकित्सीय जाँच प्रक्रिया समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। यह सुनिश्चित किया गया कि स्वास्थ्य संबंधी कारणों से निर्वाचन प्रक्रिया प्रभावित न हो और सभी कर्मी अपनी क्षमता अनुसार मतदान कार्य में भाग ले सकें। मेडिकल बोर्ड की सक्रियता और प्रशासनिक समन्वय के कारण यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस जाँच के माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया में सभी मतदान कर्मियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य क्षमता का ध्यान रखा गया। इससे निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता, सुचारू संचालन और सभी संबंधित कर्मियों की भलाई सुनिश्चित हुई। कुल मिलाकर, सुपौल में आयोजित इस चिकित्सीय जाँच ने बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के संचालन को और अधिक प्रभावी तथा सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न हो।

# स्वीप कार्यक्रम :जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वोटर को किया जा रहा जागरुक

न्यूज स्केल सुपौल





बिहार विधानसभा आम निर्वाचन मतदान तिथि 11 नवम्बर 2025 निर्धारित है, के मद्देनज़र रविवार 19 अक्टूबर को पूरे जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापक मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

जिला स्वीप कोषांग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी प्रखंडों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिले के बसंतपुर, राघोपुर, छातापुर, त्रिवेणीगंज, किशनपुर, मरौना, सुपौल, सरायगढ़-भपटियाही, निर्मली, प्रतापगंज एवं पिपरा प्रखंडों में 'प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, बीपीएम जीविका, स्वच्छता पर्यवेक्षक' द्वारा डोर-टू-डोर संपर्क कार्यक्रम, "महादलित टोला भ्रमण ,ई-रिक्शा माइकिंग , लॉ भी.टी. आर. बूथ विजिट एवं 'जन संवाद अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को मतदान के अधिकार एवं जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया गया।

सभी प्रखंडों में 'आशा दीदी, आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका एवं जीविका दीदियों' की सक्रिय भागीदारी से 'रैली, चौपाल, नुक्कड़ संवाद, मेहंदी प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, घर-घर संपर्क' तथा 'वीडियो टेस्टिमोनियल निर्माण' जैसी विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। ग्रामीण क्षेत्रों में 'महिलाओं, युवाओं एवं प्रथम मतदाताओं' ने भी इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।'पंचायत मोतीपुर, प्रखंड राघोपुर (सुपौल) के 'परिवर्तन जीविका महिला ग्राम संगठन' में उपस्थित दीदियों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया तथा सभी से आग्रह किया गया कि वे अपने आस-पास की अन्य दीदियों एवं ग्रामीण महिलाओं को भी मतदान के प्रति जागरूक करें।

## जगतपुर में धूमधाम से मनायी गयी हनुमान जयंती

न्यूज स्केल सुपौल




सदर प्रखंड के जगतपुर गांव स्थित महावीर मंदिर में रविवार को धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई। इससे पहले रविवार को पूजा के आरंभ में पुरोहित शिबू झा ने यजमान श्यामाकांत झा को पूजा अर्चना कराई ।पूजा के बाद यजमानों में श्यामाकांत झा,सुधीर कुमार वर्मा, संजय कुमार वर्मा,शिवशंकर चौधरी ,को संयुक्त रूप से हवन कराया गया। जानकारी देते पूजा समिति के अध्यक्ष ललित कुमार वर्मा उर्फ "नारायणजी " ने बताया कि हवन कार्यक्रम में शामिल यजमानों को हवन कराने के बाद आरती का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि संध्या में स्थानीय भजन संगीत कलाकारों द्वारा कार्यक्रम से उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया । इस मौके पर कार्यक्रम में महाकांत पाठक,सुधीर कुमार वर्मा,संजय कुमार वर्मा,शिव शंकर चौधरी, माहेश्वर वर्मा,घनश्याम दास ,ललन चौधरी,पवन कुमार मल्लिक,कन्हैया वर्मा,हरि कुमार वर्मा,प्रमोद वर्मा , मन्ना आदि कई लोग उपस्थित थे।

# निर्वाची पदाधिकारी ने की वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र की तैयारियों की समीक्षा

# ईवीएम सुरक्षा एवं वज्रगृह निरीक्षण के साथ हुई समीक्षा बैठक

**न्यूज स्केल बेतिया**

वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र में बिहार विधान सभा चुनाव 2025 की तैयारियों की समीक्षा हेतु आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री सौरव आलोक, निर्वाची पदाधिकारी, 1-वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र ने की। बैठक प्रखंड बगहा - 2 के सभागार में संपन्न हुई, जिसमें सभी सेक्टर पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



**प्रखंड और अंचल अधिकारियों की भागीदारी :** निरीक्षण और बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी भितहा, मधुबनी, पिपरासी सहित सभी अंचलाधिकारी और प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में चुनाव तैयारियों की नियमित निगरानी करें।

**समय पर तैयारियों का महत्व**

निर्वाची पदाधिकारी ने बैठक के समापन में यह जोर दिया कि समय पर तैयारियाँ पूरी करना आवश्यक है ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारु रूप से सम्पन्न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक प्रखंड में मतदान केंद्रों की तैयारियों का स्वतः अनुश्रवण किया जाए और किसी भी प्रकार की कमी न रहे।

**मतदान केंद्रों की तैयारियों पर ध्यान :** बैठक में सबसे पहले मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का जायजा लिया गया। सभी सेक्टर पदाधिकारियों को मतदान से पूर्व तैयारियों, डिस्पैच के दिन और मतदान के दिन की आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देशित किया गया। निर्वाची पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय से पूर्व सभी व्यवस्थाओं का स्वयं अनुश्रवण किया जाएगा ताकि किसी प्रकार की अनियमितता न हो।

**वाहन और लॉजिस्टिक व्यवस्था की समीक्षा :** बैठक के दौरान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारियों के साथ वाहन कोषांग के कार्यों की समीक्षा की गई। निर्वाची पदाधिकारी ने कहा कि वाहन और अन्य लॉजिस्टिक तैयारियों को सुनिश्चित करना प्रत्येक प्रखंड की जिम्मेदारी है और समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए।

**ईवीएम सुरक्षा पर विशेष फोकस :** ईवीएम सुरक्षा को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। बीबीएन कॉलेज में चिन्हित वज्रगृह का निरीक्षण किया गया और सुरक्षा मानकों के अनुसार तुरंत तैयारियाँ कराने का निर्देश दिया गया। इससे मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## एसएसटी द्वारा मेघोली एवं बासोपट्टी चेक पोस्ट पर 1.58 लाख नकद जब्त।

**न्यूज स्केल बेतिया**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के मद्देनज़र पश्चिम चम्पारण जिले में सघन वाहन जांच अभियान जारी है। इसी क्रम में एसएसटी मेघोली चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान मोटरसाइकिल संख्या BR-22BF-6580 पर सवार दो व्यक्तियों (1) शनि कुमार यादव, पिता – छोटी यादव (2) हसन इमाम, पिता – मोटी देवान, निवासी – माधोपुर बैरिया, थाना – गौनाहा से ₹77,000 (सत्तहत्तर हजार रुपये) नकद बरामद किए गए। उक्त राशि एवं मोटरसाइकिल को विधिसम्मत रूप से जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।वहीं दूसरी ओर, एसएसटी चेक पोस्ट बासोपट्टी (शनिचरी थाना क्षेत्र) में वाहन जांच के क्रम में विश्वनाथ चौधरी, पिता – जंगी चौधरी, निवासी – बसोपट्टी, थाना – शनिचरी के पास से ₹81,500 (इक्यासी हजार पांच सौ रुपये) नकद बरामद कर विधिवत जब्ती की कार्रवाई की गई है। दोनों ही मामलों में संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# प्रेक्षक महोदया द्वारा डिस्पैच सेंटर, स्ट्रांग रूम, सामग्री कोषांग का किया गया निरीक्षण

**न्यूज स्केल दरभंगा**

आज 87-जाले विधानसभा क्षेत्र की प्रेक्षक महोदया रूही खान ने चुनावी तैयारियों के तहत डिस्पैच सेंटर, स्ट्रांग रूम और सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उनके साथ निर्वाची पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री स्वप्निल भी मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान महोदया ने दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित कंट्रोल रूम को ग्राउंड फ्लोर पर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने पोलिंग पार्टी की सुविधा के लिए पार्किंग स्थल तैयार करने, सभी जगह पर्याप्त साइनेज लगाने, शौचालय और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करनेऔर सुधा काउंटर खोलने का भी निर्देश दिया, ताकि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएँ पूरी हों। स्ट्रांग रूम का निरीक्षण बाजार समिति में किया गया, जहां महोदया ने सड़क निर्माण, आसपास की गंदगी हटाने, वेंटिलेटर बंद करने, छोटे कमरों को बंद करने, काउंटिंग हॉल की जाली पेंट करने और वीवीपैट के लिए उपयुक्त क्षेत्र तय करने जैसे सुझाव दिए। उन्होंने सभी कार्यों को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने पर जोर दिया। सामग्री कोषांग स्थल (ऑडिटोरियम) का भी निरीक्षण किया गया और आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिए गए कि उनके द्वारा आवंटित सभी वाहनों के ड्राइवर और अन्य कर्मियों का डेटाबेस तैयार किया जाए, ताकि मतदान के दौरान संचालन सुचारू रूप से हो। निरीक्षण का उद्देश्य चुनावी तैयारियों की समीक्षा करना, सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करना और निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित बनाना था।





## नवादा में बिना लाइसेंस पटाखा विक्रेता के खिलाफ छापेमारी, अवैध पटाखे जब्त



**न्यूज स्केल नवादा**

अंचल अधिकारी, नवादा सदर और नवादा टाउन थाना के SHO की संयुक्त कार्रवाई में विजय बाजार स्थित एक बिना लाइसेंस पटाखा विक्रेता के खिलाफ छापेमारी की गई। इस दौरान दुकान से अवैध रूप से रखे गए सभी पटाखों को जब्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि अब आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई का उद्देश्य दिवाली के अवसर पर अवैध और खतरनाक पटाखों की बिक्री रोकना और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना बताया गया है।

# लाइन डीएसपी के उत्पीड़न से परेशान कांस्टेबल ने की आत्महत्या, आईजी ने की जांच

**नवादा,** (हि.स.)। पुलिस केंद्र नवादा में तैनात सिपाही अमित कुमार (सिपाही 195) ने अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न के कारण शनिवार को अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार को उन्हें पुलिस लाइन में सलामी दिए जाने के बाद परिजनों को शव सौंपा गया। मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक छत्र नील सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रविवार को ही जांच शुरू कर दी। आत्महत्या से पहले सिपाही अमित ने पुलिस अधीक्षक को सुसाइड नोट लिखा, जिसमें उन्होंने बताया कि लाइन डीएसपी और प्रभारी इंस्पेक्टर ने उनसे नए सिपाहियों से 500-500 रुपये इकट्ठा करने के निर्देश दिए थे। ऐसा न करने पर उनकी छुट्टी नहीं दी गई। अमित ने अपनी पत्नी की गंभीर बीमारी का हवाला देते हुए छुट्टी मांगी थी, लेकिन उन्हें जबरन रोका गया। हेड क्वार्टर डीएसपी को शिकायत करने के बावजूद लाइन डीएसपी ने धमकियां दीं और कहा कि "तुम्हें मैं बर्बाद करदूंगा।" पुलिस मेंस एसोसएशन ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी और लाइन डीएसपी ने अमित को जाति-सूचक गालियां भी दी थीं, जिससे वह मानसिक रूप से टूट गया। इस घटना के बाद पुलिस कर्मियों में रोष और विरोध प्रदर्शन तेज हो या है। कुल मिलाकर, नवादा पुलिस विभाग में उत्पीड़न और अवैध दबाव की वजह से एक सिपाही का जीवन समाप्त होने की घटना ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



# नरकटियागंज स्थित निजी अस्पताल में मरीज की मृत्यु पर जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई

## बिनु सर्जिकल केयर हॉस्पिटल (पूर्व में नीतू सर्जिकल केयर) हुआ सील

**न्यूज स्केल बेतिया**

जिला प्रशासन की नागरिकों से अपील-कानून-व्यवस्था बनाए रखें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

नरकटियागंज स्थित बिनु सर्जिकल केयर हॉस्पिटल (पूर्व में नीतू सर्जिकल केयर) में ऑपरेशन के दौरान एक मरीज की मृत्यु हो जाने की सूचना जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है।



घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, श्री धर्मेन्द्र कुमार के निर्देश पर MOIC, नरकटियागंज एवं थाना प्रभारी, नरकटियागंज की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई। उक्त निजी अस्पताल को प्रशासनिक नियंत्रण में लेते हुए सील कर दिया गया है।

जिलाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार ने कहा है कि किसी भी स्तर पर यदि चिकित्सकीय लापरवाही या वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित अस्पताल संचालक एवं चिकित्सकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन नागरिकों से अपील करता है कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखें और अफवाहों पर ध्यान न दें। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# पावापुरी महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ, भगवान महावीर के 2551वें निर्वाण दिवस पर दीप प्रज्वलित

**न्यूज स्केल नालंदा**

आज पावापुरी महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर को निर्वाण पावापुरी में 527 ईसा पूर्व कार्तिक मास की कृष्णपक्ष अमावस्या को प्राप्त हुआ था। पिछले 2550 वर्षों से यह महोत्सव जैन धर्मावलंबियों द्वारा मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भगवान महावीर का 2551वाँ निर्वाण दिवस 19 अक्टूबर 2025 को अमावस्या तिथि के अवसर पर मनाया गया। भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व वैशाली गणराज्य के कुण्डग्राम में हुआ था। तीस वर्ष की आयु में उन्होंने राज वैभव त्याग कर संन्यास धारण किया और 72 वर्ष की आयु में पावापुरी से मोक्ष को प्राप्त किया। उनके अनुयायियों में उस समय के प्रमुख राजा बिम्बिसार, कुणिक और चेटक भी शामिल थे। जैन समाज उनके जन्मदिन को महावीर जयंती तथा मोक्ष दिवस को दीपावली के रूप में धूमधाम से मनाता है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में 6 नवंबर को अधिक से अधिक मतदाता मतदान करें। इस अवसर पर स्वीप गतिविधि के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, आईसीडीएस के माध्यम से मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली तैयार कर आम मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। पावापुरी महोत्सव स्थल पर भगवान महावीर का सुंदर सैंड आर्ट और छात्र-छात्राओं की सेल्फी गतिविधियों ने उत्साह को और बढ़ाया। नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता सहित श्वेतांबर और दिगंबर जैन सम्प्रदाय के मंदिर समिति सदस्य गण भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट किया बल्कि आम जनता में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश भी दिया।







## नालंदा जिले में राजगीर पैसेंजर मेमू ट्रेन से अबैध शराब बरामद तीन तस्कर गिरफतार

**नालंदा,** (हि.स.)।जिले में राजगीर रेलवे स्टेशन में रविवार की सुबह राजगीर रेल थाना पुलिस ने अबैध शराब की तस्करी कर रहे तस्कर को शराब के साथ हिरासत में लेकर मंडल कारा बिहारशरीफ भेज दिया है।

बताया जाता है कि उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना मिली कि राजगीर पैसेंजर मेमू ट्रेन से शराब खेप लाई जा रही है। जिसके बाद राजगीर रेल थाना पुलिस के सहयोग से कार्रवाई की गई।

ट्रेन से तीन महिला समेत पांच लोग बड़े-बड़े कार्टन लेकर राजगीर रेलवे स्टेशन के पलेटफार्म पर उतरें।टीम ने कार्टन की तलाशी ली। कार्टन में चूड़ी और खिलौनों के नीचे अंग्रेजी शराब की खेप छिपी थी। टीम ने शराब जब्त करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया।रेल थानाध्यक्ष ने बताया कि बोगी संख्या 258458 से धंधेबाज खेप लाए थे।कार्टन से कुल 102.375 लीटर अंग्रजी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार धंधेबाजों में नवादा जिला के नारदीगंज थाना क्षेत्र निवासी गौरव कुमार, बड़गांव निवासी लवली देवी, पचवाड़ा निवासी लालो देवी, उषा देवी और रामप्रवेश कुमार शामिल हैं।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना पर शराब बरामद हुई हैं।छापेमारी उत्पाद थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार के नेतृत्व में की गई है। टीम में दारोगा श्वेता सिन्हा, प्रियंका कुमारी, आरक्षी अमरेश कुमार समेत अन्य सुरक्षा कर्मी शामिल थे।इसी तरह दीपनगर थाना क्षेत्र के राणा बिगहा गांव में छापेमारी कर 29.975 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए, धंधेबाज महेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। एक धंधेबाज विक्रम कुमार फरार होने में सफल रहा। शराब बरामद होने के बाद आरोपित के घर के कमरे को सील कर दिया गया है



# गुजरात के सोमनाथ मंदिर में 3डी लाइट एंड साउंड शो, 19 अक्टूबर से यात्रियों के लिए होगा शुरू



**सोमनाथ,** (हि.स.)। गुजरात के सोमनाथ महादेव के दर्शन के लिए देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के समक्ष श्री सोमनाथ तीर्थ की युगों-युगों की गौरवगाथा को उजागर करने वाला 3डी लाइट एंड साउंड शो, मानसून के विराम के बाद पुनः यात्रियों के लिए 19 अक्टूबर से शुरू किया जा रहा है।दीवाली की छुट्टियों में सोमनाथ आने वाले श्रद्धालु सोमनाथ तीर्थ के इतिहास से परिचित हो सकें कि कैसे चंद्रदेव के तप से भगवान सोमनाथ इस भूमि पर अवतरित हुए ?कैसे भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी अंतिम लीला दिखाकर निजधाम गमन किया और कैसे यह तीर्थ "प्रभास" कहलाया ? इन सभी धार्मिक कथाओं को आधुनिक 3डी तकनीक के माध्यम से दर्शाने के लिए यह लाइट एंड साउंड शो तैयार किया गया है, जो यात्रियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है।यह शो हर वर्ष मानसून के दौरान बंद रहता है, लेकिन दीपावली से पूर्व इसे पुनः यात्रियों के लिए प्रारंभ किया जाता है। बारिश की ऋतु के समापन के बाद सोमनाथ मंदिर में यह लाइट एंड साउंड शो 19 अक्टूबर से शुरू होगा। शो का समय संध्या आरती के बाद शाम 7:45 बजे रहेगा। शनिवार, रविवार तथा त्योहारों के दिनों में यात्रियों की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए दो शो आयोजित किए जाएंगे। शो के टिकट मंदिर परिसर के बाहर स्थित डिजिटल कैशलेस काउंटर पर शाम 6:00 बजे से तथा मंदिर परिसर में साहित्य काउंटर के पास अलग टिकट काउंटर पर शाम 6:30 बजे से उपलब्ध होंगे।

# विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक 3 महीने बाद घरेलू शेयर बाजार में खरीदार बनकर लौटे


**नई दिल्ली,** (हि.स.)। लगातार तीन महीने तक घरेलू शेयर बाजार में बिकवाल (सेलर) की भूमिका निभा रहे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) अब खरीदार (बायर) बन गए हैं। अक्टूबर में विदेशी निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 6,480 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसी तरह, घरेलू बॉन्ड बाजार में भी एफपीआई ने उत्साह के साथ निवेश किया है। 17 अक्टूबर तक एफपीआई ने जनरल लिमिट के तहत 5,332 करोड़ रुपये और वॉलंटरी रिटेंशन रूट के जरिए 214 करोड़ रुपये का निवेश किया। इससे पहले जुलाई से सितंबर तक एफपीआई लगातार शेयर बाजार से निकासी कर रहे थे। जुलाई में 17,700 करोड़, अगस्त में 34,990 करोड़ और सितंबर में 23,850 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई थी। साल 2025 की शुरुआत से अब तक कुल लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई थी।




मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि एफपीआई की वापसी बाजार के सेंटीमेंट में बदलाव और भारतीय बाजार के प्रति बढ़ते वैश्विक विश्वास का संकेत है। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी ने कहा कि भारत में विकास दर और महंगाई पर नियंत्रण ने विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। खुराना सिक्योरिटीज के सीईओ रवि चंदर खुराना के अनुसार, वैश्विक लिक्विडिटी सुधार और अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती के संकेत ने भी भारत जैसे हाई रिटर्न बाजारों में निवेश को आकर्षक बनाया है। साथ ही, भारतीय कंपनियों के शेयरों की वैल्यूएशन में हालिया सुधार भी निवेशकों की रुचि बढ़ाने वाला कारक बना है। इस परिवर्तन से घरेलू शेयर और बॉन्ड बाजार दोनों में विदेशी निवेशकों की भागीदारी बढ़ने की संभावना है, जो भारतीय वित्तीय बाजार के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

# साप्ताहिक समीक्षा : लगातार तीसरे सप्ताह मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार ने लगातार तीसरे सप्ताह मजबूती के साथ बंद होकर निवेशकों को राहत दी। बीएसई सेंसेक्स 1,451 अंक यानी 1.75 प्रतिशत उछलकर 83,952.19 पर और निफ्टी 424.50 अंक यानी 1.67 प्रतिशत बढ़कर 25,709.85 पर बंद हुआ। बाजार मजबूत रहने में घरेलू और विदेशी निवेशकों की खरीदारी, कच्चे तेल की कीमत में गिरावट और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती के संकेत प्रमुख कारण रहे।



बीएसई लार्ज कैप में महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदानी पावर और एशियन पेंट्स टॉप गेनर्स रहे, जबकि वोडाफोन आइडिया, इंफोसिस और विप्रो सबसे अधिक टूटे। मिडकैप सपाट रहा, स्मॉल कैप 0.60 प्रतिशत गिरा। सेक्टोरल फ्रंट पर रियल्टी और कैपिटल मार्केट इंडेक्स 4 प्रतिशत मजबूत हुए, जबकि मीडिया और आईटी इंडेक्स कमजोर रहे।

# कैल्शियम की कमी : हड्डियों और मांसपेशियों के लिए खतरा

कैल्शियम शरीर में सबसे महत्वपूर्ण खनिज है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। अगर शरीर में कैल्शियम की कमी हो जाए तो उम्र बढ़ने के साथ हड्डियां कमजोर और पतली हो सकती हैं, जिससे कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में मांसपेशियों में ऐंठन, कमर और गर्दन में दर्द, हड्डियों का जल्दी टूटना और फ्रैक्चर का खतरा शामिल हैं। कैल्शियम की कमी से रिकेट्स, ऑस्टियोपोरोसिस और ऑस्टियोमलेशिया जैसी बीमारियां हो सकती हैं।






रिकेट्स में हड्डियां मुलायम हो जाती हैं और आसानी से मुड़ सकती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस में हड्डियों का क्षय धीरे-धीरे होता है। ऑस्टियोमलेशिया में हड्डियां नरम और कमजोर हो जाती हैं।

कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए डेयरी उत्पाद जैसे दूध, दही, पनीर, हरी पत्तेदार सब्जियां, मेवे और बीज, फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थ, संतरा, सूखे अंजीर, मछली और फलियां शामिल करें। इनका नियमित सेवन हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाए रखता है और कैल्शियम की कमी को दूर करता है।

# सर्दियों में बैड कोलेस्ट्रॉल से बचें, अपनाएं ये डाइट टिप्स





सर्दियों में लोग तला-भुना, मीट और पैकेज्ड फूड ज्यादा खाते हैं, जिससे बैड कोलेस्ट्रॉल तेजी से बढ़ता है और हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है। ठंड के कारण रक्त वाहिकाएँ सिकुड़ती हैं, जिससे रक्त प्रवाह धीमा होता है और धमनियों में प्लाक जमा होने लगता है। इसलिए लाल मीट, मीठी चीजें और फास्ट/पैक्ड फूड से परहेज करना चाहिए। इसके बजाय ओट्स, हरी सब्जियां, फल, ब्राउन राइस, अखरोट, अलसी और मछली जैसे ओमेगा-3 युक्त पदार्थ शामिल करें। साथ ही नियमित व्यायाम, धूम्रपान से बचाव और तनाव कम करना भी हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

**क्या नहीं खाना चाहिए :**

-----------------

**मीट और लाल मांसः इनमें सैचुरेटेड फैट और कोलेस्ट्रॉल अधिक होता है। सर्दियों में इनका अधिक सेवन हृदय के लिए हानिकारक हो सकता है। मीठी चीजें: चाय-कॉफी, आइसक्रीम, पेस्ट्री जैसी वस्तुएं ट्राइग्लिसराइड्स बढ़ाती हैं।पैक्ड और फास्ट फूडः इनमें तेल, मसाले और सोडियम अधिक होते हैं, जो रक्तचाप और डायबिटीज के साथ खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ाते हैं।**

# राशिफल : 20अक्टूबर, 2025

मेष : कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

वृष : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

मिथुन : सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

कर्क : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगाा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-6-8-9

सिंह : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-2-5-7

कन्या : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

तुला : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक-2-5-6

वृश्चिक : कुछ आर्थिक ङ्क्षचताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8

धनु : आलस्य का त्याग करें। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्घि होगी। शुभांक-4-6-8

मकर : जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-7-9

कुम्भ : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7

मीन : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ङ्क्षचता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

# पंचांग : 20अक्टूबर, 2025

20 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति
सूर्य तुला में
चंद्र कन्या में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु कर्क में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में

लग्नारंभ समय
तुला 05.47 बजे से
वृश्चिक 08.06 ब.से
धनु 10.22 बजे से
मकर 12.27 बजे से
कुंभ 14.13 बजे से
मीन 15.46 बजे से
मेष 17.17 बजे से
वृष 18.57 बजे से
मिथुन 20.55 बजे से
कर्क 23.08 बजे से
सिंह 01.24 बजे से
कन्या 03.36 बजे से

सोमवार 2025 वर्ष का 293 वा दिन

दिशाशूल पूर्व ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947

मास कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) पक्ष कृष्ण

तिथि चतुर्दशी 15.45 बजे को समाप्त।

नक्षत्र हस्त 20.17 बजे को समाप्त।

योग वैधृति 02.35 बजे रात्र को समाप्त।

करण शकुनि 15.45 बजे तदनन्तर चतुष्पद 04.49 बजे प्रातः को समाप्त।

चन्द्रायु 24.2 घण्टे





# चित्रकूट दीपोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सागर, पांच दिन में 25 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

## मंदाकिनी तट दीपों से जगमगाया, भक्ति, प्रकाश और विकास का अद्भुत संगम

**भोपाल,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश के सतना जिले के पवित्र तीर्थस्थल चित्रकूट में दीपावली के अवसर पर शुरू हुए पांच दिवसीय दीपोत्सव ने पहले दिन ही भक्तों और पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शनिवार को करीब चार लाख श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचकर भगवान के दर्शन और कामदगिरि की परिक्रमा में भाग लिए। मंदाकिनी तट दीपों की जगमगाहट से आलोकित हो उठे, मानो देवताओं ने स्वयं धरती पर उतरकर इस दिव्य दृश्य का आनंद लिया हो। इस वर्ष का दीपोत्सव धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्रशासनिक दृष्टि से भी अनुकरणीय साबित हो रहा है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि मेले क्षेत्र को 11 जोनों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक जोन में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तथा पर्याप्त पुलिस बल तैनात हैं। एएसपी (ग्रामीण) प्रेमलाल कुर्वे के अनुसार लगभग डेढ़ हजार पुलिसकर्मी मेले में सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए तैनात हैं। पहली बार स्थापित कमांड सेंटर से सीसीटीवी के माध्यम से हर गतिविधि की निगरानी की जा रही है। दीपोत्सव के दूसरे दिन रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन मुख्य आकर्षण रहेगा। वे दोपहर तीन बजे चित्रकूट पहुंचेंगे और आरोग्यधाम में साधु-संतों के साथ भेंट कर विकास संबंधी चर्चा करेंगे। इसके बाद पंचवटी घाट पर दीपदान करेंगे, बच्चों को दीपावली उपहार देंगे और साधु-संतों का सम्मान करेंगे। शाम पांच बजे वे सतना टाउन हॉल में स्वर्गीय शंकरलाल तिवारी की श्रद्धांजलि सभा में भाग लेकर भोपाल के लिए रवाना होंगे। कई दशकों बाद चित्रकूट को इस भव्यता से सजाया गया है। मंदाकिनी के तटों और कामदगिरि परिक्रमा मार्ग को अत्याधुनिक लाइटिंग, रोशनी, पेयजल, प्राथमिक उपचार और विश्राम की सुविधाओं के साथ सजाया गया है। पर्यावरण के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मिट्टी के दीयों और प्राकृतिक सजावट को प्राथमिकता दी गई है। भक्तिमय वातावरण, भजन-ध्वनि और जलते दीपों का प्रतिबिंब श्रद्धालुओं के मन में आध्यात्मिक उल्लास भर रहा है। अगले पांच दिनों में लगभग 25 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जिनमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र और राजस्थान से अधिक संख्या में भक्त शामिल होंगे। मेले में स्थानीय कारीगरों और व्यापारियों के लिए रोजगार और प्रदर्शन का अवसर भी उपलब्ध है। प्रशासन ने अस्थायी पार्किंग, फ्री शटल बस सेवा, निःशुल्क पेयजल केंद्र और प्राथमिक उपचार शिविर स्थापित किए हैं। चित्रकूट का यह दीपोत्सव केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और सुव्यवस्था का प्रतीक बन चुका है। मंदाकिनी के तट पर जगमगाते दीप और कामदगिरि की परिक्रमा करते श्रद्धालु यह संदेश दे रहे हैं कि आस्था जब व्यवस्था और आधुनिक प्रबंधन के साथ जुड़ती है, तो वह जन-जन का उत्सव बन जाती है। इस दीपोत्सव ने संस्कृति, लोक परंपरा और आधुनिक प्रबंधन का अनुपम संगम प्रस्तुत किया है।

# मप्र में धनतेरस पर बाजार में उमड़ी भीड़, इंदौर में 500 करोड़ और भोपाल में 800 करोड़ से ज्यादा का कारोबार

## केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह भी पत्नी के साथ खरीदारी करने पहुंचे बाजार



**भोपाल,** इंदौर और अन्य शहरों में धनतेरस के शुभ अवसर पर बाजारों में भारी भीड़ नजर आई। सराफा, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट में ग्राहक खरीदारी में जुटे रहे। इंदौर में चार हजार कारें और 11 हजार से अधिक टू-व्हीलर बिकी, जिससे 500 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हुआ। भोपाल में सराफा बाजार में 800 करोड़ और जबलपुर में 600 करोड़ का कारोबार दर्ज किया गया।

**सोना-चांदी की मांग और ट्रेंड**
भोपाल सराफा बाजार के सचिव अखिलेश मित्तल के अनुसार, हल्की और ट्रेंडी ज्वेलरी की मांग सबसे अधिक रही। ग्राहक अब भारी गहनों के बजाय डिजाइन और क्वालिटी पर जोर दे रहे हैं। बाजार में हल्की ज्वेलरी की लोकप्रियता के कारण खरीदारी की संख्या पिछले साल की तुलना में दोगुनी हो गई।

**प्रमुख व्यक्तियों की खरीदारी**
भोपाल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ न्यू मार्केट पहुंचे और चांदी का सिक्का खरीदा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवास पर धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की समृद्धि की कामना की। कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, बुरहानपुर एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी स्थानीय बाजारों और पारिवारिक दुकानों से खरीदारी कर पर्व का उत्साह बढ़ाया।

**निवेश के रूप में सोना :** विजनरी निवेश के रूप में सोने की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। होलसेल सराफा एसोसिएशन के विजय कुमार वर्मा ने बताया कि हॉलमार्क ज्वेलरी के अनिवार्य होने के बाद ग्राहक अधिक विश्वास के साथ सोना-चांदी खरीद रहे हैं। बैंक रिटर्न की तुलना में सोने में बेहतर रिटर्न मिलने की उम्मीद से कई लोग अभी निवेश कर रहे हैं।

**इंदौर में 4 हजार कारें और 11 हजार से अधिक टू-व्हीलर बिकी, 500 करोड़ का कारोबार हुआ।**

**हल्की और ट्रेंडी ज्वेलरी की मांग सबसे अधिक रही, ग्राहक भारी गहनों से दूर रहे।**

**सोने को सुरक्षित निवेश मानते हुए कई लोग अभी सोने में निवेश कर रहे हैं।**

**केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य नेताओं ने भी बाजारों से खरीदारी की।**

# करूर भगदड़ में मरने वाले 39 लोगों के परिजनों को विजय की पार्टी टीवीके की तरफ से 20-20 लाख की आर्थिक मदद




**चेन्नई,** (हि.स.)। अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने करूर भगदड़ के शिकार हुए 39 लोगों के परिवारों को 20-20 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी है। पार्टी ने यह राशि संबंधित परिवारों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी है।

टीवीके की तरफ से सोशल मीडिया एक्स पर इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया है कि हमने 28 सितंबर को की गई घोषणा के मुताबिक 18 अक्टूबर को बैंक आरटीजीएस के ज़रिए परिवार कल्याण निधि के रूप में 20 लाख रुपये भेज दिए हैं। पार्टी ने प्रभावित परिवारों से यह मदद स्वीकार करने का अनुरोध किया है। पार्टी के मुताबिक 39 परिवारों को 20-20 लाख रुपए भेजे गए हैं, जो कुल 7.8 करोड़ रुपए की सहायता राशि है।

उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर को करूर भगदड़ में 39 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हुए थे। घटना के बाद टीवीके ने मृतकों के परिवारों को 20 लाख रुपये और घायलों को 2-2 लाख रुपये की राहत राशि देने की घोषणा की थी।

# महाराष्ट्र के नासिक में कर्मभूमि एक्सप्रेस से गिरकर दो की मौत, एक घायल



**मुंबई,** (हि.स.)। महाराष्ट्र के नासिक रोड स्टेशन के पास बीती रात मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस से बिहार के रक्सौल जा रही कर्मभूमि एक्सप्रेस से गिरकर दो युवकों की मौत हो गई और एक घायल हो गया । इस घटना में घायल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की छानबीन नासिक रोड पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

नासिक रोड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक जितेंद्र सपकाले ने रविवार को बताया कि कर्मभूमि एक्सप्रेस से तीन युवकों के गिरने की जानकारी मिलते ही वे पुलिस उपनिरीक्षक माली और कांस्टेबल भोले एक दल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। भुसावल जाने वाली पटरी पर किलोमीटर 190/1 और 190/3 के बीच दो युवकों के शव और एक युवक गंभीर रूप से घायल पाया गया। घायल युवक को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों और घायल युवकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। दीपोत्सव के मद्देनजर उत्तर भारत जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ होती है, इसलिए प्राथमिक अनुमान है कि दरवाजे के पास खड़े युवक भीड़ के कारण अपना संतुलन खो बैठे और गिर गए। यह पता लगाने के लिए जाँच चल रही है कि युवक त्योहार मनाने बिहार अपने गाँव जा रहे थे या विधानसभा चुनाव में मतदान करने जा रहे थे।

# पटियाला के पूर्व मेयर संजीव शर्मा बिट्टू की कांग्रेस में वापसी, वेणुगोपाल और बघेल ने दिलाई सदस्यता



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। पंजाब में पटियाला के पूर्व मेयर संजीव शर्मा (बिट्टू) रविवार को कांग्रेस पार्टी में फिर से शामिल हो गए। उन्हें कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल कराया। उल्लेखनीय है कि बिट्टू साल 2018 से 2021 तक पटियाला नगर निगम के मेयर रहे। वह पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के करीबी समर्थक के रूप में जाने जाते हैं। तीन बार काउंसलर रह चुके बिट्टू 2021 में कांग्रेस छोड़कर अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस (पीएलसी) में शामिल हुए थे। उनकी वापसी को कांग्रेस की पंजाब इकाई के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# इस वर्ष रिकॉर्ड यात्रियों ने आदि कैलाश के किए दर्शन



**देहरादून,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश जाने के बाद श्रद्धालुओं में आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा को लेकर रुचि तेजी से बढ़ी है। इस वर्ष आदि कैलाश यात्रा ने पिछले वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 31,598 यात्रियों को आकर्षित किया। उत्तराखंड पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि देवभूमि में अध्यात्मिक सुख और शांति की तलाश में श्रद्धालुओं के कदम लगातार बढ़ रहे हैं। यात्रा को और अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी यात्रा सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया है।

**आदि कैलाश : हिमालय में शिव का निवास :** पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदि कैलाश को छोटा कैलाश, शिव कैलाश, बाबा कैलाश और जोंगलिंगकोंग चोटी के नाम से जाना जाता है। हिन्दू शास्त्रों में इसे अत्यंत पवित्र माना गया है। ऐसा कहा जाता है कि जिसने आदि कैलाश के दर्शन कर लिए, उसने साक्षात भगवान शिव का सानिध्य प्राप्त कर लिया। पंच कैलाश में आदि कैलाश दूसरे स्थान पर है। यहां गौरीकुंड और पार्वती नामक दो ताल हैं, जिनका स्वच्छ नीला पानी हिमालय की सुंदरता को और बढ़ाता है।

**ओम पर्वत : शिव के ओंकार स्वरूप के दर्शन :** ऊँ पर्वत, 6191 मीटर की ऊंचाई पर, अपने अद्भुत आकार और पौराणिक महत्व के लिए श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित करता है। यहां स्वयं ब्रह्मा, विष्णु और महेश की शक्ति एक पर्वत पर दृष्टिगोचर होती है। हिमालय में आठ ऊँ पर्वत हैं, लेकिन वर्तमान में यही ओम पर्वत दर्शनीय है।

**यात्रा में बढ़ती संख्या और प्रशासन की भूमिका :** उत्तराखंड पर्यटन विभाग के अनुसार यात्रा में 2022 में 1,757, 2023 में 10,025, 2024 में 29,352 और इस वर्ष 31,598 यात्री शामिल हुए। पिथौरागढ़ जिला प्रशासन यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने में तेजी से कार्य कर रहा है।




# अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन, ट्रंप के खिलाफ 2700 जगहों पर जुटे 70 लाख लोग

**वाशिंगटन :** अमेरिका की सड़कों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों और बयानों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा जनविरोध देखने को मिला। देश के 2700 स्थानों पर करीब 70 लाख लोग एक साथ सड़कों पर उतर आए। इस आंदोलन को 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' नाम दिया गया है, जिसका अर्थ है — "अब कोई राजा नहीं", यानी ट्रंप की कथित तानाशाही नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज।

यह विरोध प्रदर्शन ट्रंप प्रशासन की कई विवादास्पद नीतियों के खिलाफ केंद्रित रहा, जिनमें ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों पर प्रतिबंध, गर्भपात अधिकारों में कटौती, जलवायु परिवर्तन पर लापरवाही और सामाजिक असमानताओं में बढ़ोतरी जैसे मुद्दे शामिल थे। विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों, महिला अधिकार कार्यकर्ताओं, पर्यावरण समूहों और नागरिक संगठनों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने "अब और नहीं" (No More) और "हमें बदलाव चाहिए" (We Need Change) जैसे नारे लगाते हुए लोकतंत्र और समानता की रक्षा की मांग की। ट्रंप के शासनकाल में न्यायपालिका में की गई नियुक्तियों और संघीय पुलिस की कथित कठोर कार्रवाइयों को लेकर भी लोगों में असंतोष झलकता दिखा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ट्रंप प्रशासन ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को कमजोर किया है और नागरिक अधिकारों पर लगातार हमले किए हैं। प्रदर्शनकारियों का यह भी मानना है कि अमेरिका को किसी एक व्यक्ति की इच्छा पर नहीं, बल्कि संविधान और जनहित की भावना पर चलना चाहिए। 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' ने यह संदेश दिया कि अमेरिकी जनता किसी भी रूप में निरंकुश शासन को स्वीकार नहीं करेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह विशाल विरोध प्रदर्शन न केवल ट्रंप प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है, बल्कि यह आने वाले चुनावों की दिशा भी तय कर सकता है। देश के बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक गूँजता यह आंदोलन अमेरिकी लोकतंत्र में परिवर्तन की माँग का प्रतीक बन गया है, जो आने वाले समय में इतिहास की नई कहानी लिख सकता है।

## ढाका इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लगी आग पर 7 घंटे बाद काबू पाया गया, देर रात विमानों का संचालन दोबारा शुरू

**ढाका,** (हि.स.)। हज़रत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एचएसआईए) के कार्गो विलेज में शनिवार दोपहर लगी भीषण आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। देर रात हवाई अड्डे से उड़ानों का संचालन दोबारा शुरू हो गया। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।



ढाका स्थित हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कार्गो विलेज एरिया में शनिवार दोपहर करीब सवा दो बजे भीषण आग लग गई थी। आग इतनी तेजी से फैली कि सभी उड़ाने तुरंत रोकनी पड़ीं। आसमान में उठा काला धुआं आसपास के इलाकों में फैल गया। इस दौरान एचएसआईए से विमानों का संचालन रोक दिया गया। सतर्कता बरतते हुए कई घरेलू विमानों को ढाका में उतारने के बजाय चटगांव भेज दिया गया। अग्निशमन सेवा और हवाई अड्डा प्राधिकरण के त्वरित और साझा प्रयासों के साथ करीब 7 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।

मीडिया समूह प्रोथोम आलो ने नागरिक उड्डयन एवं पर्यटन मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया है कि एचएसआईए के कार्गो विलेज में लगी आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया और रात 9:30 बजे उड़ानों का संचालन दोबारा शुरू हो गया।

मंत्रालय के मुताबिक दोपहर लगभग 2:15 बजे लगी आग पर अग्निशमन सेवा और हवाई अड्डा प्राधिकरण के त्वरित और समन्वित प्रयासों के बाद काबू पा लिया गया और इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए आधिकारिक जाँच शुरू कर दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि आग लगने के कारणों का पता लगाने और इसकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए उचित उपाय किए जाएँगे।

## नेपाल में 'Gen-Z' ने किया एक और चौंकाने वाला फैसला, राजनीतिक पार्टियों में मच गई खलबली




**काठमांडू :** नेपाल के 'जेन जेड' समूह ने शनिवार को एक और बड़ा ऐलान कर देश की सभी राजनीतिक पार्टियों की नींद उड़ा दी है। इस समूह ने घोषणा की है कि वह जल्द ही अपनी नई राजनीतिक पार्टी की स्थापना करेगा। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी 5 मार्च 2026 को होने वाले आम चुनाव में उनकी भागीदारी कुछ "मूलभूत शर्तों" के पूरे होने पर निर्भर करेगी। नेपाल में जेन जेड ने कुछ माह पहले केपी शर्मा ओली की सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया था। 'जेन जेड' समूह देश के युवाओं का बड़ा प्रतिनिधि वर्ग बनकर उभरा है। पिछले महीने इस समूह ने भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर सरकारी प्रतिबंधों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया था, जिसके बाद राजनीतिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव देखने को मिला। आंदोलन के प्रमुख चेहरों में से एक मिराज धुंगाना ने संवाददाता सम्मेलन कर अपने एजेंडे की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 'जेन जेड' युवाओं को एकजुट कर एक नई राजनीतिक दिशा देना चाहता है, पर जब तक उनकी प्रमुख मांगों पर ध्यान नहीं दिया जाता, वे चुनावी प्रक्रिया में शामिल नहीं होंगे।

**जेन जेड की प्रमुख मांगें**

प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित कार्यकारी प्रणालीः समूह का कहना है कि नेपाल में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिसमें प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति दोनों सीधे जनता द्वारा चुने जाएं।

---------------

विदेशों में बसे नेपाली नागरिकों के लिए मताधिकारः जेन जेड चाहता है कि प्रवासी नेपाली भी मतदान कर सकें और देश की नीतियों में अपनी भूमिका निभा सकें।

---------------

'जेन जेड' का यह कदम न केवल नेपाल के युवा वोटरों को प्रभावित कर रहा है, बल्कि यह देश की राजनीतिक संरचना में बड़े परिवर्तन की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

### बुलेटिन बॉक्स

» **अमेरिकाः पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ 70 लाख से अधिक लोग विरोध प्रदर्शन में शामिल।**

-------------

» **नेपाल राजनीतिः Gen-Z ने नई राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा की।**

-------------

» **क्रिकेट अपडेटः पाकिस्तान ट्राई-सीरीज में अफगानिस्तान की जगह जिम्बाब्वे शामिल होगी।**

-------------

» **महिला वनडेः इंग्लैंड की ओपनिंग बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट और एमी जोंस मैदान में।**

# पाकिस्तान और अफगानिस्तान युद्ध विराम पर सहमत, दोहा में हुई उच्चस्तरीय वार्ता

**दोहा,** (हि.स.)। कतर की राजधानी दोहा में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हुई एक उच्चस्तरीय वार्ता में तत्काल प्रभाव से संघर्ष विराम को लेकर सहमति बनी है। संघर्ष विराम के प्रभावी कार्यान्वयन पर चर्चा के लिए दोनों देशों के प्रतिनिधि अगले चरण में दोहा और इस्लामाबाद में बैठक करेंगे। दोनों देशों के बीच सीमा पर पिछले एक पखवाड़े से चल रहा टकराव लगातार गंभीर रूप ले रहा था जिसमें दोनों तरफ से सैन्यकर्मियों के साथ-साथ आम लोगों की भी मौत हुई।



कतर के विदेश मंत्रालय की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान के मुताबिक उसके और तुर्की की मध्यस्थता में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच दोहा में हुई उच्चस्तरीय वार्ता में दोनों देश तत्काल संघर्ष विराम पर सहमत हुए हैं। कतर ने उम्मीद जताई है कि यह समझौता पाकिस्तान–अफगानिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव को कम कर क्षेत्रीय स्थिरता स्थापित करेगा। दोहा में हुई इस बातचीत में दोनों देशों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। गल्फ न्यूज के मुताबिक पाकिस्तान की तरफ से रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ और खुफ़िया प्रमुख जनरल असीम मलिक ने हिस्सा लिया। अफगान सरकार के प्रवक्ता ज़बीहुल्लाह मुजाहिद के मुताबिक रक्षा मंत्री मुल्ला मुहम्मद याकूब के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल इस बातचीत में शामिल हुआ जिसमें खुफिया प्रमुख अब्दुल हक वकीक भी शामिल हुए। वार्ता से पहले पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि अफगानिस्तान से सीमा पार आतंकवाद समाप्त करने और सीमा पर शांति और स्थिरता की बहाली के उपाय किए जाने पर यह बातचीत केंद्रित होगी। बयान में कतर की मध्यस्थता पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई गई कि ये चर्चाएँ क्षेत्र में शांति और स्थिरता हासिल करने में योगदान देंगी।

दोनों देशों के बीच पिछले करीब एक पखवाड़े से चला आ रहा टकराव उस समय भीषण रूप लेता जा रहा था जब संघर्ष विराम के बीच एक हवाई हमले में अफगानिस्तान के तीन क्रिकेटरों की मौत हो गई। अफ़गानिस्तान सरकार का दावा था कि पाकिस्तान ने संघर्षविराम का उल्लंघन करते हुए आम लोगों को निशाना बनाया है। जबकि पाकिस्तान ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय आतंकी शिविरों को निशाना बनाया।

------------

## हमास ने लौटाए दो मृत बंधकों के ताबूत, अमेरिका का बड़ा दावा : फिलिस्तीनी नागरिकों पर हमले की योजना

**काहिरा :** शनिवार देर रात हमास ने इज़राइल को दो मृत बंधकों के ताबूत सौंपे, जिसे इज़राइली सेना ने पुष्टि की। इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि युद्धविराम के तहत शेष बंधकों के अवशेष जल्द लौटाने का दबाव बढ़ाया जाएगा। इन शवों की पहचान की जानकारी अभी साझा नहीं की गई है।

**: रफ़ाह सीमा पर रोक**

इज़राइल ने घोषणा की है कि गाज़ा और मिस्र के बीच रफ़ाह सीमा अगले आदेश तक बंद रहेगी। पहले मिस्र ने कहा था कि सीमा सोमवार को लौटने वालों के लिए खोली जाएगी, लेकिन नेतन्याहू कार्यालय ने इसे हमास द्वारा युद्धविराम की शर्तों के पालन पर निर्भर बताया। मई 2024 के बाद से यह सीमा बंद है।



**अमेरिका का बड़ा दावा**

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने हमास के खिलाफ बड़ा दावा किया है। अमेरिका का कहना है कि हमास फिलिस्तीनी नागरिकों पर हमले की बड़ी योजना बना रहा है।

**: युद्धविराम और बंधकों की संख्या :** अब तक हमास ने कुल 12 बंधकों के अवशेष लौटाए हैं। युद्धविराम समझौते के तहत शनिवार को इज़राइल ने गाज़ा से 15 फ़िलिस्तीनी शव स्वीकार किए, जिससे कुल संख्या 135 हो गई।

**शवों की पहचान और साझा करना :** इज़राइल फिलिस्तीनी शवों को नाम न देकर केवल संख्या के साथ लौटाता है। गाज़ा का स्वास्थ्य मंत्रालय उनकी तस्वीरें ऑनलाइन साझा कर रहा है।







# इंग्लैंड ने टॉस जीतकर शुरू की बल्लेबाजी, भारत को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने की चुनौती

महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 के अहम मुकाबले में रविवार को भारत और इंग्लैंड की टीमें आमने-सामने हैं। मुकाबला इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जा रहा है, जहां इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इंग्लैंड की ओर से टैमी ब्यूमोंट और एमी जोंस ओपनिंग कर रही हैं और शुरुआती ओवरों में सतर्क बल्लेबाजी कर रही हैं। भारत को अपने पिछले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार झेलनी पड़ी है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने अब तक चार मुकाबलों में दो जीत और दो हार दर्ज की है, जिससे वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। टीम इंडिया को सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए अगले तीन में से कम से कम दो मुकाबले जीतना जरूरी है।दूसरी ओर, नैट साइवर-ब्रंट की कप्तानी में इंग्लैंड टीम बेहतरीन फॉर्म में है और तालिका में तीसरे स्थान पर बनी हुई है। इंग्लैंड अगर आज का मैच जीत लेती है तो वह सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर सकती है। टीम में इस मैच के लिए दो बड़े बदलाव हुए हैं—स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन और तेज गेंदबाज लॉरेन बेल की वापसी हुई है। वहीं, भारतीय टीम ने एक बदलाव किया है। बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को बाहर कर तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को शामिल किया गया है, जिससे गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। इस मुकाबले में स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत से बड़ी पारी की उम्मीद है। मौसम साफ है और पिच बल्लेबाजों के अनुकूल दिख रही है। मुकाबले के रोमांचक मोड़ लेने की पूरी संभावना है।

## लियोनेल मेसी की हैट्रिक से इंटर मियामी ने नैशविले को 5-2 से हराया

**नैशविले (अमेरिका),** (हि.स.)। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) 2025 में शानदार प्रदर्शन करे हुए अपने करियर की दूसरी एमएलएस हैट-ट्रिक बनाई है। उनके इसी प्रदर्शन के दम पर इंटर मियामी ने नैशविले एससी पर 5-2 से जीत हासिल की। मेस्सी इस सीज़न में 29 गोल के साथ सबसे ज़्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। पिछली बार उन्होंने 19



अक्टूबर को इंटर मियामी की न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन पर 6-2 की जीत में हैट्रिक बनाई थी।मेसी ने 35वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 1-0 की बढ़त दिलाई। नैशविले एससी ने 43वें मिनट में सैम सर्रिज के हेडर से जवाब दिया और स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। नैशविले एससी की कोशिश पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम के छठे मिनट में रंग लाई, जब जैकब शैफेलबर्ग ने है गोल करके 2-1 की बढ़त बना ली। 63वें मिनट में मेसी ने अपना दूसरा गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। चार मिनट बाद, बाल्टासर रोड्रिगेज ने गोल मारकर इंटर मियामी को 3-2 की बढ़त दिला दी। मेसी ने 81वें मिनट में बॉक्स के सेंटर से बाएं पैर से शॉट मारकर अपना तीसरा गोल किया और बढ़त को 4-2 कर दिया। टेलास्को सेगोविया ने स्टॉपेज के एक मिनट बाद इंटर मियामी का पांचवां गोल करके जीत पक्की कर दी। इंटर मियामी के डिफेंडर इयान फ्रे ने मेसी के प्रदर्शन पर कहा, "यह साफ है कि वह (मेसी) हमें हर रात फ़ायदा पहुंचाते हैं। उनके बारे में कहने के लिए शब्द कम हैं।"

## मिचेल स्टार्क की 176.5 kph वाली गेंद का सच : तकनीकी गड़बड़ी से फैली अफवाह, शोएब अख्तर का रिकॉर्ड अब भी बरकरार



भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया पहले वनडे मुकाबले के दौरान ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अचानक सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बन गए। पर्थ में खेले जा रहे इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए स्टार्क ने ओपनिंग ओवर फेंका। उनकी पहली गेंद पर रोहित शर्मा ने एक रन बनाया, लेकिन टीवी स्क्रीन पर दिखाई गई स्पीड ने सभी को चौंका दिया। सोशल मीडिया पर दावा किया गया कि स्टार्क ने यह गेंद 176.5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी — जो क्रिकेट इतिहास की सबसे तेज गेंद होती। हालांकि, यह दावा पूरी तरह गलत निकला। तकनीकी खराबी के कारण स्पीड गलत दिखाई गई थी। वास्तविकता में स्टार्क की पहली गेंद 140.8 kph की थी, जिसकी पुष्टि क्रिकबज सहित अन्य आधिकारिक स्त्रोतों ने की है। गौरतलब है कि वनडे क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद पाकिस्तान के शोएब अख्तर ने 2003 में इंग्लैंड के खिलाफ फेंकी थी, जिसकी स्पीड 161.3 kph दर्ज की गई थी। यानी स्टार्क ने कोई वर्ल्ड रिकॉर्ड नहीं तोड़ा। वहीं मैच में बारिश के कारण खेल रुका हुआ है और भारत ने 11.5 ओवर में 37/3 का स्कोर बनाया है।

## शुभमन गिल की कप्तानी में नितीश रेड्डी का वनडे डेब्यू, टीम इंडिया में पहली बार मिला मौका

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेले जा रहे पहले वनडे मुकाबले में भारतीय ऑलराउंडर नितीश रेड्डी ने अपने वनडे करियर की शुरुआत की है। शुभमन गिल की कप्तानी में उन्हें पहली बार टीम इंडिया की वनडे प्लेइंग इलेवन में जगह मिली। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।



नितीश रेड्डी हाल के समय में शानदार प्रदर्शन कर रहे थे, जिसके चलते उन्हें यह सुनहरा मौका मिला। उन्होंने अब तक भारत के लिए 9 टेस्ट मैचों में 386 रन और 8 विकेट हासिल किए हैं, जबकि 4 टी20 इंटरनेशनल में उनके नाम 90 रन और 3 विकेट दर्ज हैं। निचले क्रम में उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी गेंदबाजी ने चयनकर्ताओं का भरोसा जीता है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टीम मानसिक रूप से मजबूत है और अच्छी तैयारी के साथ उतरी है। उन्होंने बताया कि नितीश रेड्डी इस मैच में अपना डेब्यू कर रहे हैं। टीम में तीन तेज गेंदबाजों और तीन ऑलराउंडर्स — अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर और नितीश रेड्डी — को मौका दिया गया है। इसी वजह से कुलदीप यादव को बाहर बैठना पड़ा है। इस मैच में भारत की नज़र श्रृंखला की शानदार शुरुआत पर रहेगी।

## डकवर्थ को हराकर अल्माटी ओपन के फाइनल में पहुंचे रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। रूसी खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर जेम्स डकवर्थ को 6-7 (8), 6-3, 6-2 से हराकर अल्माटी ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है।डकवर्थ ने दुनिया के नंबर 4 खिलाड़ी को पहले सेट में कड़ी टक्कर दी, दो सेट पॉइंट बचाए और टाईब्रेक 10-8 से जीत लिया। इसके बाद मेदवेदेव ने वापसी की। दूसरे सेट में दो बार और तीसरे सेट की शुरुआत में फिर से सर्विस ब्रेक किया, क्योंकि बेसलाइन से उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन ने 33 साल के ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को थका दिया। दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को 7-5, 6-4 से हराकर आगे बढ़े। उन्होंने 20 साल के एलेक्स की ताकत को कम करने के लिए अपनी वैरायटी और कंट्रोल पर भरोसा किया।

## अफगानिस्तान की जगह जिम्बाब्वे खेलेगा पाकिस्तान ट्राई सीरीज 2025 में

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। पाकिस्तान में होने वाली टी20 ट्राई सीरीज में अब बड़ा बदलाव किया गया है। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान पर हुई एयर स्ट्राइक में अपने तीन खिलाड़ियों की मौत के बाद इस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। अफगानिस्तान के हटने के बाद अब उसकी जगह जिम्बाब्वे की टीम को शामिल किया गया है।



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि जिम्बाब्वे क्रिकेट ने 17 से 29 नवंबर तक रावलपिंडी और लाहौर में होने वाली इस ट्राई सीरीज में खेलने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। टूर्नामेंट में पाकिस्तान, श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीमें हिस्सा लेंगी। ट्राई सीरीज का पहला मुकाबला 17 नवंबर को पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच रावलपिंडी के मैदान पर खेला जाएगा। इसके बाद 19 नवंबर को श्रीलंका और जिम्बाब्वे आमने-सामने होंगी। सभी मुकाबले भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे से शुरू होंगे और टॉस आधा घंटा पहले होगा। लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम इस सीरीज के अंतिम चरण की मेजबानी करेगा। हर टीम एक-दूसरे से दो-दो बार भिड़ेगी और शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल 29 नवंबर को लाहौर में खेला जाएगा।

### ट्राई सीरीज 2025 का पूरा शेड्यूल :

17 नवंबर – पाकिस्तान बनाम जिम्बाब्वे (रावलपिंडी)
19 नवंबर – श्रीलंका बनाम जिम्बाब्वे (रावलपिंडी)
22 नवंबर – पाकिस्तान बनाम श्रीलंका (लाहौर)
23 नवंबर – पाकिस्तान बनाम जिम्बाब्वे (लाहौर)
25 नवंबर – श्रीलंका बनाम जिम्बाब्वे (लाहौर)
27 नवंबर – पाकिस्तान बनाम श्रीलंका (लाहौर)
29 नवंबर – फाइनल मुकाबला (लाहौर)